वर्ष : 33 ▸ अंक : 294 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 9 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P8 दिल्ली विधानसभा चुनाव: अलग-थलग पड़ी कांग्रेस

P7 'चिड़िया उड़' में जबरदस्त दिखे जैकी श्रॉफ

**टोरेस कंपनी मामला** मुंबई पुलिस की जांच में हुआ खुलासा

# सिर्फ 13 करोड़ नहीं, एक हजार करोड़ का है घोटाला

**अमित बृज । मुंबई**

टोरेस कंपनी धोखाधड़ी मामले में मुंबई पुलिस की जांच में सामने आया है कि यह सिर्फ 13 करोड़ नहीं, बल्कि एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी का मामला है। इसका पर्दाफाश सीए की ऑडिट रिपोर्ट के जरिये सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, टोरेस कंपनी ने ऑडिट रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी चार्टर्ड एकाउंटेट (सीए) अभिषेक गुप्ता को नवंबर 2024 में सौंपी थी। गुप्ता ने जब ऑडिट करना शुरू किया तो उन्हें कंपनी से जुड़े लेन-देन में गड़बड़ियां नजर आईं।

## आभूषण और मोइसैनाइट पत्थरों पर निवेश के बदले ज्यादा ब्याज की योजना में फंसे पैसे




### कैसे हुई धोखाधड़ी ?

कंपनी ने आभूषणों और मोइसैनाइट पत्थरों में निवेश पर 6% साप्ताहिक रिटर्न का वादा किया था। निवेशक10 हजार रुपए की अंगूठी या मोइसैनाइट पत्थर खरीद सकते थे और रसीद प्राप्त कर सकते थे। इस योजना में 52 सप्ताह तक 600 रुपएका साप्ताहिक रिटर्न देने का वादा किया गया था। जो मूल निवेश से तीन गुना अधिक था।

### फरार डायरेक्टर के खिलाफ एलओसी जारी

पुलिस के मुताबिक यह कंपनी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धोखाधड़ी कर रही थी। फरार आरोपी विक्टोरिया कोवलेंको और सीईओ तौफीक रियाज उर्फ जॉन कार्टर के खिलाफ पुलिस ने लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कर दिया है। इस प्रकरण में जल्द ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बी जांच शुरू की जा सकती है। इस मामले को लेकर बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने बुधवार को मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फंसलकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सोमैया ने पुलिस से जल्द से जल्द इसमें शामिल अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने और लोगों के डूबे पैसों को रिकवर करने की मांग की।

### 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम अवैध तरीके से विदेश भेजी गई

इस बारे में जानकारी हासिल करने की कवायद में सीए को पता चला कि टोरेस कंपनी आंगडिया के जरिए 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम अवैध तरीके से विदेश भेज चुकी है। ऑडिट रिपोर्ट में इसका खुलासा होने के बाद अभिषेक गुप्ता ने 3 जनवरी 2024 को इसकी जानकारी मुंबई पुलिस को दी थी। इसके बाद मुंबई पुलिस ने इसकी जांच शुरू की। लेकिन इस बीच 5 जनवरी की रात इस घोटाले का पर्दाफाश हो गया और दादर में टोरेस कंपनी के कार्यालय के सामने निवेशकों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सीए अभिषेक गुप्ता वही शख्स हैं, जिन पर घोटाला सामने आने के बाद टोरेस कंपनी ने लूटने का आरोप लगाया था।

### अब तक एक हजार से ज्यादा पीड़ितों ने शिकायत दर्ज कराई

वहीं दूसरी तरफ टोरेस कंपनी में घोटाला उजागर होने के बाद उसमें निवेश करने वाले पीड़ितों के सामने आने का सिलसिला जारी है। वे लगातार शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन और ईओडब्ल्यू के पास अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए पहुंच रहे हैं। मुंबई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, अब तक एक हजार से ज्यादा पीड़ितों ने शिकायत दर्ज कराई है और यह सिलसिला जारी है। सूत्रों को अनुसार यह घोटाला एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का हो सकता है।

### शुक्रवार का इंतजार कर रहे निवेशक



टोरेस घोटाला सामने आने के बाद अभी भी कुछ निवेशकों का कंपनी पर भरोसा कायम है। इस कंपनी में निवेश करने वाली आरती विश्वकर्मा ने बताया की उन्होंने खुद भी निवेश किया है और मित्रों से भी निवेश करवाया है। उन्हें अभी उम्मीद है कि पैसे मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल वॉट्सएप चैनल पर कंपनी ने शुक्रवार तक ब्याज देने की बात कही है। हम अभी इंतजार करना चाहते हैं। इसलिए हमने कितना निवेश किया था, यह बताना उचित नहीं है। कंपनी में पैसे लगाने वाले राज पाटकर ने बताया कि मोबाइल एप और वॉट्सएप के जरिये शुक्रवार तक ब्याज मिलने की बात पता चली है, इसलिए वे शुक्रवार का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बीते साल जुलाई महीने में निवेश किया था और परिचितों से भी निवेश करवाया था। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें लोगों ने ज्यादा ब्याज पाने के लिए अपने रिस्क पर निवेश किया था।

## आम आदमी से टैक्स के जरिए इकट्ठी की गई रकम की खुलेआम लूट : कांग्रेस

# बाप रे ! इतना खर्च...

- सुप्रीम कोर्ट में एक दिन की सुनवाई के लिए सरकार ने एसजी को दिए 4 लाख 40 हजार रुपए
- पिछले 2 साल में 2 करोड़ 11 लाख रुपए खर्च



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में लड़े जाने वाले महाराष्ट्र के मामलों पर पिछले 2 साल में 2 करोड़ 11 लाख रुपए खर्च किए हैं। इतना ही नहीं सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए प्रति सुनवाई 4 लाख 40 हजार रुपए अदा किए हैं। सरकार ने यह रकम देश के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू और के एम नटराज को अदा की है। राज्य सरकार ने इस संबंध में एक शासनादेश जारी किया है।

### कांग्रेस ने उठाया सवाल

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंढे ने राज्य सरकार द्वारा सॉलिसिटर जनरल को फीस बतौर करोड़ों रुपए देने पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिन मामलों की सुनवाई के लिए मेहता और अन्य अधिवक्ता अदालत में पेश हुए, ज्यादातर मामलों में जानबूझकर कई बार अगली तारीख लेने का प्रयास किया गया। ऐसा भाजपा को चुनाव के दौरान फायदा करने के लिए किया गया। लोंढे ने कहा कि यह महाराष्ट्र के आम आदमी से टैक्स के जरिए इकट्ठी की गई रकम की खुलेआम लूट है। इस तरह के मामलों में राज्य सरकार के साथ-साथ गृह विभाग को भी ध्यान देने की जरूरत है।

### कुल 29 सुनवाई की गई

राज्य सरकार के गृह विभाग के आदेश के मुताबिक भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अक्टूबर 2022 से लेकर अप्रैल 2024 तक कुल 29 सुनवाई में महाराष्ट्र सरकार का सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखा। जिसमें दादरा नगर हवेली के सांसद मोहन डेलकर की मौत का मामला भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट में प्रत्येक बार सुनवाई के लिए मेहता ने राज्य सरकार से चार लाख 40 हजार की रकम चार्ज की। कुल मिलाकर मेहता को राज्य सरकार ने एक करोड़ 27 लाख 60 हजार रुपए अदा करने का आदेश जारी किया है। राज्य सरकार ने देश के दो अन्य अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू को पांच सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित होने पर 66 लाख रुपए और के एम नटराज को चार बार सुनवाई के लिए हाजिर होने के लिए 17 लाख 60 हजार रुपए अदा करने का फैसला किया है।

## उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने का मंत्रालय में तबादला



▸▸ **बनाए गए उपमुख्यमंत्री के उपसचिव**

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर नगर निगम (मनपा) के आयुक्त विकास ढाकने को महज चार महीने के बाद मंत्रालय में उपमुख्यमंत्री अजित पवार का उप सचिव नियुक्त किया गया है। पिछली अगस्त में उन्होंने उल्हासनगर मनपा आयुक्त का कार्यभार संभाला था, और अब उनकी जगह अंबरनाथ के प्रमुख डॉ. प्रशांत रसल को आयुक्त पद की जिम्मेदारी संभालने की संभावना है।

### उल्हासनगर में समस्याओं का समाधान प्रयास

आयुक्त बनने के बाद, विकास ढाकने ने उल्हासनगर में यातायात व्यवस्था की खामियों को महसूस किया और सड़क चौड़ीकरण का मुद्दा उठाया। हालांकि, इस पर कुछ स्थानीय राजनेताओं ने विरोध किया। उन्होंने शहर में संपत्ति कर संग्रह, यातायात की भीड़, अतिक्रमण, अनधिकृत निर्माण, प्रदूषण, पानी की समस्या, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाए, अनुबंध श्रमिकों के वेतन, और टीडीआर घोटाले जैसी कई समस्याओं का समाधान करने की कोशिश की। इन मुद्दों के समाधान में ढाकने को स्थानीय राजनेताओं और कथित सामाजिक कार्यकर्ताओं से लगातार बाधाओं का सामना करना पड़ा।

### तबादले के प्रयास

जानकारी के अनुसार, आयुक्त विकास ढाकने ने शहर की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उल्हासनगर मनपा से स्थानांतरण के प्रयास शुरू किए थे। आखिरकार, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने 6 जनवरी को एक लिखित आदेश जारी कर ढाकने को अपने कार्यालय में उप-सचिव नियुक्त किया।

## सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज देने का निर्देश

▸▸ **मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिए आदेश**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



महाराष्ट्र में सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके इसको लेकर उचित कदम उठाने के आदेश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को दिए। सह्याद्री अतिथि गृह में स्वास्थ्य विभाग, अन्न एवं औषधि प्रशासन विभाग के साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग के 100 दिनों की कार्य योजना की बैठक में फडणवीस ने कहा कि समय-समय पर सरकारी अस्पताल में सुविधाओं को लेकर सवाल उठते रहे हैं, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकारी अस्पतालों में आम आदमी को बेहतर गुणवत्ता का इलाज मिल सके।

### मिलावट रोकने के लिए भी सख्त कदम उठाने के आदेश

इसके साथ ही फडणवीस ने दवा और खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर दूध में मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा मंदिरों एवं धर्म स्थलों में प्रसाद की गुणवत्ता के निरीक्षण को भी प्राथमिकता दी जाए। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर, चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**भारत में HMPV के 9 केस**

## मुंबई में 6 महीने की बच्ची संक्रमित

▸▸ **गुजरात के अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड**

▸▸ **पंजाब में मास्क पहनने की सलाह**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई/नई दिल्ली**

कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) का महाराष्ट्र में बुधवार को तीसरा केस मिला। मुंबई के हीरानंदानी अस्पताल में 6 महीने की बच्ची संक्रमित मिली है। उसे 1 जनवरी को खांसी, सीने में जकड़न और ऑक्सीजन लेवल 84% तक गिरने की वजह से अस्पताल में भर्ती किया गया था। हालांकि अब वह ठीक है।



### मुंबई में पहला मामला

मुंबई में इस वायरस का यह पहला मामला है। मंगलवार को नागपुर में 2 केस सामने आए थे। यहां 13 साल की लड़की और 7 साल का लड़का संक्रमित मिला था। हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है।

### राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ाई

HMPV केस सामने आने के बाद राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को HMPV केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।

### छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित

HMPV संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र ने राज्यों को 'इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस' और 'सीवर एक्यूट रेस्परेट्री इश्यूज' जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और HMPV के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।

### कुल मामले 9 हुए

ताजा केस मिलने के बाद देश में इस वायरस के कुल मामले 9 हो गए हैं। महाराष्ट्र से पहले सोमवार को कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और गुजरात में एक-एक केस मिलाकर वायरस के कुल 6 मामले सामने आए थे।

## कोर्ट पहुंचे एक दर्जन से अधिक उम्मीदवार

▸▸ **चुनाव परिणामों को रद्द करने का अनुरोध**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाली महायुति की महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जीत के खिलाफ इंडिया गठबंधन के एक दर्जन से अधिक उम्मीदवारों ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन उम्मीदवारों की ओर से वकील असीम सरोदे और वकील अजिंक्य गायकवाड की दायर याचिकाओं में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी, आपराधिक मामले, संपत्ति छिपाने, ईवीएम में गड़बड़ी और चुनाव में पारदर्शिता की कमी आरोप लगाया गया है। इन याचिकाओं की जल्द सुनवाई हो सकती है।



### इन्होने दायर की याचिका

याचिका दायर करने वाले इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों में मनोहर कृष्ण माधवी, प्रशांत सुदाम जगताप, महेश कोठे, नरेश रतन मनेरा और सुनील चंद्रकांत भुसारा आदि शामिल हैं। उन्होंने याचिका में चुनाव लड़ने वाले अपने निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव परिणामों को रद्द करने का अनुरोध किया है।

# महाराष्ट्र में अब छिप नहीं पाएंगे बांग्लादेशी और रोहिंग्या

## मालेगांव में बांग्लादेशी-रोहिंग्या को बर्थ सर्टिफिकेट जारी करने के मामले में सीएम फडणवीस का एक्शन, एसआईटी गठन करने का आदेश

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र के मालेगांव में बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में महाराष्ट्र के गृह विभाग ने SIT बनाने के आदेश दिया है। नासिक के DIG की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी में नासिक डिविजनल संयुक्त आयुक्त, अतिरिक्त कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जैसे चार सदस्यों को शामिल किया गया है। जांच के बाद रिपोर्ट देने को कहा गया है। किरीट सोमैया ने इस मुद्दे पर आवाज उठाई थी।



### भाजपा नेता किरीट सोमैया ने लगाया था आरोप

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को मालेगांव में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को जारी किए गए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के बारे में भाजपा नेता किरीट सोमैया के आरोपों की एसआईटी जांच के आदेश दिए। बता दें कि 2 जनवरी को, भाजपा नेता किरीट सोमैया ने आरोप लगाया था कि मालेगांव के लगभग 1,000 लोगों ने जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए खुद को बांग्लादेशी रोहिंग्या के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया। किरीट सोमैया ने कहा था मालेगांव में उन लोगों को जन्म प्रमाणपत्र दिया गया है, जो भारतीय नहीं हैं। यह जन्म प्रमाण पत्र मालेगांव नगर पालिका द्वारा जारी किया गया है। इन सभी लोगों ने आवेदन के साथ शपथ पत्र भी दिया है। संभावना है कि उनके पास आधार कार्ड मिला है। इन सभी लोगों की जांच होनी चाहिए। हम सरकार से उनका जन्म प्रमाण पत्र रद्द करने की मांग करने जा रहे हैं। मालेगांव वोट जिहाद का केंद्र बन गया है।



### डीआईजी और जिला प्रशासन के अधिकारी करेंगे एसआईटी का नेतृत्व

एसआईटी का नेतृत्व नासिक के डीआईजी और जिला प्रशासन के अधिकारी करेंगे। पुलिस भी टीम का हिस्सा होगी। महाराष्ट्र गृह विभाग के एक बयान में कहा गया है कि यह जांच करेगी और समस्या को रोकने के उपायों के साथ रिपोर्ट देगी।

### अवैध घुसपैठ पर एटीएस भी फॉर्म में

महाराष्ट्र एटीएस के आईजी चंद्रशेखर मीणा ने बताया कि राज्य के कई इलाकों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ महाराष्ट्र एटीएस कार्रवाई कर रही है। अब तक इस कार्रवाई में 60 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है, जिनके पास फर्जी दस्तावेज मिले हैं। जानकारी के अनुसार, दिल्ली से IB और महाराष्ट्र एटीएस की टीम बीते सोमवार को कोंकण के रत्नागिरी पहुंची। केंद्रीय जांच एजेंसी IB इसीलिए अलर्ट है, क्योंकि अब तक रत्नागिरी जिले में 20 से अधिक बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए हैं। रत्नागिरी के शिरगांव ग्राम पंचायत से ऐसे और कितने जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, इसकी जांच शुरू हो गई है। खबर है कि सबसे पहले एक 37 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक की गिरफ्तारी हुई, जिसके पास फर्जी प्रमाण पत्र मौजूद थे। 37 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक को यह प्रमाण पत्र किसने दिया, यह सवाल उठता है। खासकर जब उसके पास कोई अन्य दस्तावेज नहीं थे।

# सरकारी नौकरी के नाम पर करोड़ों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

आशु विश्वकर्मा । नालासोपारा

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये ठगने वाले एक शातिर ठग को मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की क्राइम ब्रांच यूनिट-3 ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा गया।



## घटना का विवरण

नालासोपारा पूर्व के पेल्हार पुलिस स्टेशन में यह मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता सफरुद्दीन निईमुद्दीन खान (49) ने बताया कि 2021 में उनकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई, जिसने खुद को इनकम टैक्स (IAS) अधिकारी बताया। आरोपी ने खान की बेटी को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया और बदले में 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद आरोपी ने फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी का आईडी कार्ड और ट्रेनिंग अपॉइंटमेंट लेटर थमा दिया। आरोपी ने इसी तरह 40 अन्य लोगों को भी अपना शिकार बनाया। जब नौकरी नहीं मिली, तो पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ।

## पुलिस की कार्रवाई

सफरुद्दीन खान की शिकायत पर रिंकू जीतू शर्मा और अंशु पामी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 318(4), 204, 319(2), 338, 336(3), 340(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के लिए क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे और एसीपी मदन बल्लार के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच यूनिट-3 की टीम लगाई गई। पीआई प्रमोद बड़ाख के नेतृत्व में एपीआई सोपान पाटील और अन्य पुलिसकर्मियों ने जांच शुरू की। गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को ठाणे के तलोजा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।



## गिरफ्तारी और खुलासे

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना गुनाह कबूल किया। तलाशी में 50 से अधिक नकली सरकारी विभागों के आईडी कार्ड बरामद हुए, जिनमें इनकम टैक्स, प्रेस, और अन्य विभागों के फर्जी पहचान पत्र शामिल थे। आरोपी पहले एक इनकम टैक्स अधिकारी के ड्राइवर के रूप में काम करता था। वह अपने अधिकारी की बातें सुनता और उनके हावभाव की नकल करता था, जिससे उसे ठगी का यह तरीका सूझा।

# एचएमपीवी वायरस से घबराने की जरूरत नहीं: मनपा

आशु विश्वकर्मा । विरार

चीन से आए ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, यह एक सामान्य श्वसन वायरस है जो ऊपरी श्वसन पथ के संक्रमण (जैसे सामान्य सर्दी) का कारण बनता है। यह वायरस आमतौर पर सर्दियों और गर्मियों के मौसम की शुरुआत में होता है, जैसे आरएसवी और फ्लू। एचएमपीवी की पहचान सबसे पहले 2001 में नीदरलैंड में हुई थी। वसई विरार महानगरपालिका के मेडिकल विभाग ने श्वसन संक्रमण को रोकने के लिए नागरिकों को जरूरी सावधानियां बरतने के निर्देश दिए हैं।



## क्या है निर्देश

- खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को रूमाल या टिशू पेपर से ढकें। हाथों को बार-बार साबुन और पानी या अल्कोहल आधारित सैनिटाइज़र से धोएं।
- बुखार, खांसी और छींक की स्थिति में सार्वजनिक स्थानों से दूर रहें। पर्याप्त पानी पिएं और पौष्टिक आहार लें। संक्रमण को कम करने के लिए सभी क्षेत्रों में उचित वेंटिलेशन सुनिश्चित करें। हाथ न मिलाएं। टिशू पेपर और रूमाल का पुनः उपयोग न करें। बीमार व्यक्तियों से निकट संपर्क से बचें।
- अपनी आंखों, नाक और मुंह को बार-बार न छुएं। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान न करें। डॉक्टर से परामर्श किए बिना दवाइयां न लें।

## मनपा की तैयारी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भक्ति चौधरी ने बताया कि एचएमपीवी वायरस को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। यदि आवश्यक हो, तो मनपा द्वारा आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। मनपा पूरी तरह से इस बीमारी से निपटने के लिए तैयार है और नागरिकों से अपील की है कि वे कोविड के दौरान की तरह ही आवश्यक सावधानियां बरतें।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ चलाया अभियान



**कल्याण।** ठाणे के कल्याण में पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया और नशीली दवाओं के आदी लोगों पर कार्रवाई करने के अलावा सड़क किनारे चलने वाली दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने यह अभियान सोमवार को चलाया। इस मामले में 34 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सार्वजनिक स्थानों के साथ-साथ सुनसान स्थानों पर पाए गए नशे के आदी 49 लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

### मराठी को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र ने केंद्र से की अधिक राशि देने की मांग



**मुंबई।** ,मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा मिलने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने राज्य की प्राकृत भाषा को और बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार से ज्यादा निधि उपलब्ध कराने की मांग की है। मराठी भाषा और उद्योग मंत्री उदय सामंत ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। इसके साथ ही सामंत ने यह भी कहा कि दिल्ली में मराठी स्कूलों को सुदृढ़ करने के लिए महाराष्ट्र सरकार विशेष प्रयास करेगी। सामंत ने बताया कि केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ बैठक में उन्होंने महाराष्ट्र की प्राकृत भाषा के लिए अधिक निधि उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पुणे में आगामी विश्व मराठी सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री शेखावत भी शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने बैठक के दौरान मराठी भाषा और उद्योग मंत्री उदय सामंत को महाराष्ट्र की प्राकृत भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा मिलने की अधिसूचना की प्रति भी सौंपी है। इस मौके पर साहित्य संस्कृति मंडल के अध्यक्ष सदानंद मोरे, अभिजात भाषा अनुयायी समिति के अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश्वर मुळे, वरिष्ठ साहित्यकार प्रदीप ढवळ और राज्य मराठी विकास संस्थान के निदेशक डॉ. शामकांत देवरे उपस्थित थे।

# रोड रोलर से युवक की कुचलकर मौत, ऑपरेटर गिरफ्तार

## हादसा

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

मुंबई-नाशिक हाईवे पर बाबोसा कंपाउंड और मामा कंपाउंड के सामने एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की रोड रोलर से कुचलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रकाशकुमार लड्डू महतो (25 वर्ष) के रूप में हुई है।

### घटना का विवरण

यह हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 2:50 बजे का है। प्रकाशकुमार, जो बाबोसा कंपाउंड के पास स्थित अपने कार्यस्थल पर काम कर रहा था, खाना खाने के बाद वहीं खड़े एक रोड रोलर के सामने सो गया। इसी दौरान, रोड रोलर ऑपरेटर बसंत कुमार वर्मा ने बिना देखे रोड रोलर चालू कर दिया। ऑपरेटर को यह ध्यान नहीं रहा कि वाहन के सामने कोई व्यक्ति सो रहा है। जैसे ही रोड रोलर आगे बढ़ा, प्रकाशकुमार उसके नीचे आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### मामला दर्ज, परिवार में शोक



सूचना मिलते ही कोनगांव पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया गया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया। मृतक के जीजा अमरेशकुमार ज्योतिषीय मंडल की शिकायत पर रोड रोलर ऑपरेटर बसंत कुमार वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ऑपरेटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 106(1) और 281 के तहत केस दर्ज किया गया। ऑपरेटर को गिरफ्तार किया गया और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35(3) के तहत नोटिस देकर रिहा कर दिया गया। मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक सुधीर सकपाल कर रहे हैं। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हादसा ऑपरेटर की लापरवाही के कारण हुआ या यह एक अनजाना हादसा था। प्रकाशकुमार के असमय निधन से परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।

**दोपहर टिप्पणी** प्रशासन को इस घटना से सबक लेकर आगे से ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है।

# बिना हेलमेट के पांच हजार दोपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

सड़क दुर्घटनाओं में बाइक चालकों की संख्या अधिक होती है, और बिना हेलमेट वाले चालकों की मृत्यु दर भी अधिक रहती है। सुरक्षा कारणों से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है, लेकिन इसके बावजूद कई बाइक चालक बिना हेलमेट के वाहन चलाते हैं। इस स्थिति को लेकर ठाणे आरटीओ सतर्क है। पिछले नौ महीनों में ठाणे, मीराभाईंदर, भिवंडी, शाहपुर क्षेत्रों में 5250 बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई है। शहर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे प्रमुख सड़कें अपर्याप्त नजर आने लगी हैं। इस स्थिति में सावधानी की कमी से दुर्घटनाएं हो रही हैं। अनुभव से यह भी पता चला है कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन शामिल होते हैं और हेलमेट न पहनने के कारण मृत्यु का मुख्य कारण बनता है। ठाणे आरटीओ, विशेष रूप से हेमांगिनी पाटिल के मार्गदर्शन में, बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रहा है। उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित काटकर के अनुसार, पिछले नौ माह में 5 हजार से अधिक चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## आरटीओ अधिकारियों की चिंता



हेमांगिनी पाटिल, मुख्य आरटीओ अधिकारी, ठाणे ने बताया कि राज्य में हेलमेट न पहनने के कारण 7700 लोगों की मौत हो चुकी है, जो कि एक गंभीर चिंता का विषय है। 70 से 80 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों के बीच होती हैं, और हेलमेट नहीं पहनने से मौतों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने इस मुद्दे की गंभीरता को स्वीकार करते हुए, बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## सड़क सुरक्षा अभियान और हेलमेट वितरण

ठाणे आरटीओ ने अप्रैल से दिसंबर 2024 तक ठाणे, भिवंडी, मीरा भायंदर और शाहपुर क्षेत्रों में हेलमेट न पहनने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, जिसमें दिसंबर महीने में सबसे अधिक 1782 चालकों पर दंडात्मक कार्रवाई की गई। सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ठाणे पूर्व स्थित के.सी कॉलेज में सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सड़क विकास विभाग, ठाणे आरटीओ और एक सामाजिक संस्था के सहयोग से 25 छात्रों को हेलमेट वितरित किए गए और उन्हें सुरक्षा के प्रति अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। रोहित काटकर, उप आरटीओ अधिकारी, ठाणे ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस तरह के अभियान महत्वपूर्ण हैं, और हेलमेट पहनने से दुर्घटनाओं और मौतों की संख्या को कम किया जा सकता है।

# एक देश, एक चुनाव का संजय राउत ने किया विरोध



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक एक ही पार्टी और नेता के तहत एक समेकित राजनीतिक व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। इसके अलावा उन्होंने अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी पर दलबदल कराने की कोशिश कराने का आरोप लगाया है। एक देश एक चुनाव विधेयक पर संजय राउत ने कहा कि एक देश, एक चुनाव विधेयक से एक पार्टी, एक चुनाव और एक नेता, एक चुनाव को बढ़ावा मिलेगा। इसलिए हम सभी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सदस्यों ने विधेयक का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव पर जेपीसी की बैठक में विपक्ष सक्रिय रूप से भाग लेगा। विधेयक जेपीसी को भेज दिया गया है। आज इसकी पहली बैठक हो रही है और हमारे सभी लोग उस बैठक में भाग लेंगे।

# बिजली की अंडर ग्राउंड लाइन डालने के लिए मिली करोड़ों की निधि

## विधायक के प्रयास को मिली सफलता

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

विधायक कुमार आयलानी के लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों के बाद, अंततः केंद्र सरकार के माध्यम से बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड डालने के लिए करोड़ों की निधि मंजूर हो गई है। अब इस परियोजना की शुरुआत जल्द ही की जाएगी। इस संदर्भ में बुधवार को महावितरण (एमएसईबी) के अधिकारियों के साथ विधायक कुमार आयलानी की बैठक हुई।

### विद्युतीकरण के लिए राज्य सरकार से निधि की मांग

इसके अतिरिक्त, विधायक कुमार आयलानी ने शहर में विद्युतीकरण को और अधिक सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार से 130 करोड़ रुपए की निधि की मांग की है।



### 16.84 करोड़ की निधि मंजूर

केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत ओवरहेड वायर को अंडर ग्राउंड किया जाना है, जिसके लिए 16.84 करोड़ की निधि मंजूर की गई है। इस परियोजना के तहत शहर के कुल 17 स्थानों पर अंडर ग्राउंड केबल डालने का काम शुरू किया जाएगा। बैठक में विधायक ने महावितरण के अधिकारियों से शहर में अंडर ग्राउंड केबल डालने के काम के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सावधान रहने की हिदायत दी।

### अंडर ग्राउंड केबल डालने के स्थान

- स्वामी सत्यनारायण से वुडलैंड काम्प्लेक्स
- गोल मैदान से जय भवानी टावर
- फालोवर चौक से सेंट्रल अस्पताल
- सन्मान डीटीसी से शिवसेना डीटीसी
- क्रिटी केयर अस्पताल से सेंट्रल अस्पताल
- सेक्शन-17 से लुल्ला इंश्योरेंस
- मनपा से फीडर वन
- प्रवीण होटल से राजीव गांधी चौक
- सुखदेव काम्प्लेक्स से खेती एरिया
- शिवलोक बैरक से शिवलोक अपार्टमेंट
- 17 सेक्शन से पवई चौक
- शहाड़ ब्रिज से गुलशन नगर
- शास्त्री नगर से लवीना ट्रांसफार्मर
- चार पोल से अवतराम चौक
- 17 सेक्शन से हीराघाट

# असली मालिकों को लौटाई गईं जब्त किए गए मोबाइल, गहने व गाड़ियां

सुरेश चौहान । उल्हासनगर

जोन-4 पुलिस आयुक्त के क्षेत्र में चोरी और गायब हुए 200 से अधिक मोबाइल फोन, सोने के गहने और गाड़ियों को पुलिस द्वारा अथक परिश्रम के बाद जप्त किया गया। इन सभी को बुधवार को उल्हासनगर के सिंधु भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उनके असली मालिकों को लौटाया गया।



## कार्यक्रम का आयोजन

यह कार्यक्रम ठाणे पुलिस आयोग के अंतर्गत उल्हासनगर कैंप 3 स्थित सिंधु भवन में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस ने विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज चोरी और गायब होने की शिकायतों के आधार पर 200 से अधिक मोबाइल फोन, सोने के गहने और गाड़ियों को जप्त किया। इनकी कुल कीमत लगभग 65 लाख रुपये बताई गई।



## पुलिस के प्रति विश्वास में वृद्धि

चोरी गए मोबाइल फोन मिलने से पुलिस के प्रति नागरिकों का विश्वास बढ़ा है। कई लोगों ने कहा कि पुलिस ने मानो उन्हें दीपावली का तोहफा दिया हो। इसके अलावा, कुछ लोगों ने यह भी बताया कि चोरों के मनोबल को बढ़ावा कैसे मिला है, जिससे आम लोगों का घूमना-फिरना कठिन हो गया है।

## कार्यक्रम का सफल आयोजन

इस मोबाइल वितरण कार्यक्रम को उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त परिमंडल चार के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे और उल्हासनगर के सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोळी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।

## उपस्थित पुलिस अधिकारी

कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली, शैलेश काले, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताडे, विष्णु तम्हाल, अनिल पडवाल, अनिल जगताप, किरण बलवडकर, रमेश पाटिल, अनिल थोरावे सहित कई अन्य पुलिसकर्मी और नागरिक उपस्थित थे।

पश्चिम रेलवे



रुचि की अभिव्यक्ति

ACMS/A/MMCT ईओआई सं. MD/173/2025/01/ LabEmp दिनांक 07.01.2025 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान: बोरिवली, उदना और नंदुरबार स्वास्थ्य इकाई के साथ बिलिंग सिस्टम पर डायग्नोस्टिक सेंटर और अस्पतालों के पैनल के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) CGHS दर पर। पूरा होने की अवधि: LOA जारी होने से दो (02) वर्ष जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 24.01.2025, 12.00 बजे तक। खुलने की तिथि और समय: 24.01.2025 को 15.00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0944

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# मोमिन वकार अहमद नज़ीर अहमद किताबी 'राष्ट्रीय एकात्मता पुरस्कार' से सम्मानित

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी



अल-हमरा एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव और अंसारी सफिया गर्ल्स हाई स्कूल, नागांव, सलामतपुरा, भिवंडी के चेयरमैन मोमिन वकार अहमद नज़ीर अहमद किताबी को उनकी शैक्षिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक सेवाओं के लिए रविवार, 5 जनवरी 2025 को भावना बहुउद्देशीय संस्था, नासिक द्वारा एक भव्य समारोह में 'राष्ट्रीय एकात्मता पुरस्कार' 2024-25 से सम्मानित किया गया।

## अल-हमरा एजुकेशनल सोसाइटी का योगदान

इस खुशी के मौके पर अल-हमरा एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष खालिद फरीद अंसारी और अन्य पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित थे। इसके साथ ही अंसारी सफिया गर्ल्स हाई स्कूल, आयशा सिद्दीका गर्ल्स उर्दू प्राइमरी स्कूल, अंसार प्री प्रायमरी और फरीद मेमोरियल गर्ल्स इंग्लिश मीडियम प्री प्रायमरी और प्रायमरी स्कूल तथा जूनियर कॉलेज के मुख्यध्यापक, अध्यापक और कर्मचारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने मोमिन वकार सर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

**खो गया है।**

श्री महेश विनायक कुचेकर, प्रशांत नगर, शिव सेना शाखा, नौपाड़ा पुलिस स्टेशन के पीछे, नौपाड़ा, ठाणे में रहते हैं। ३ जनवरी, २०२५ को, ठाणे से बदलापुर तक ट्रेन से यात्रा करते समय, मेरा बैग खो गया जिसमें मोहन नानो इस्टेट को-ऑप. सोसायटी, पोदार इंटरनॅशनल स्कूल के पास, नवरे पार्क, खोज-खुंटवली, अंबरनाथ (प.) - ४२१ ५०५ के शेअर सर्टिफिकेट क्र. १७७ (शेअर्स नं. १७६१ ते १७७०) का हिस्सा प्रमाण पत्र, बिल्डर के साथ समझौते की फोटोकॉपी, ड्राइविंग लाइसेंस, भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय का कार्य पहचान पत्र, मेरा और पत्नी का आधार कार्ड भी था। , पैन कार्ड, एसबीआई चेक बुक, पास बुक और एटीएम कार्ड खो गए हैं। हालाँकि, अगर किसी को यह मिले तो कृपया उपरोक्त पते या मोबाइल नंबर ९९६७२७७५४७ पर १५ दिन के अंदर संपर्क करें। इस संबंध में ४/१/२०२५ को कल्याण रेलवे पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है।

# मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नशा मुक्त नवी मुंबई अभियान का किया शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'नशा मुक्त नवी मुंबई' अभियान का उद्घाटन किया। यह मुंबई के उपनगर को नशा मुक्त बनाने की महत्वाकांक्षी पहल है। इस अभियान की शुरुआत नवी मुंबई पुलिस ने की है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है, लेकिन देश को अंदर से कमजोर करने के लिए इसके युवाओं को नशीले पदार्थों के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। इस मौके पर सीएम फडणवीस ने मादक पदार्थों को एक अदृश्य दुश्मन बताते हुए लोगों से इस बुराई के खिलाफ युद्ध छेड़ने और इससे सामूहिक रूप से लड़ने का आग्रह किया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि यह नवी मुंबई पुलिस द्वारा चलाया गया सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। यह केवल नवी मुंबई के बारे में नहीं बल्कि पूरे के महाराष्ट्र साथ-साथ भारत के लिए एक लड़ाई है। सीएम ने



कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे युवाओं को देश को अंदर से कमजोर करने के लिए मादक पदार्थ के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है। कनाडा का उदाहरण देते हुए फडणवीस ने कहा कि 'कनाडा जैसे देश नशीले पदार्थ के खिलाफ अपनी लड़ाई हार गए हैं और उन्होंने कानून बनाने का सहारा लिया है लेकिन भारत इस युद्ध को जीतने की स्थिति में है। राज्यों और जिलों के बीच मजबूत समन्वय के साथ हम देश को नशा मुक्त बनाएंगे।' इस अभियान को अपना समर्थन देने वाले बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

# लाखों रुपए एमडी ड्रग्स के साथ एक नाइजीरियन गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । पालघर



पालघर जिले के आचोले पुलिस ने लाखों रुपए कीमत के एमडी ड्रग्स के साथ 46 वर्षीय नाइजीरियन नागरिक को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 22 ग्राम 2 मिलीग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किए गए, जिनकी कीमत 2,64,000 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी की पहचान अन्थोनी चिजीको न्वाफोर के रूप में की है, जो नालासोपारा पूर्व के स्टेशन रोड पर पकड़ा गया।

## गुप्त सूचना पर कार्रवाई

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर मंगलवार को आचोले पुलिस ने नालासोपारा में आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की और आगे की जांच शुरू कर दी है।

## आगे की जांच

आचोले पुलिस ने ड्रग्स के अवैध कारोबार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है, ताकि आरोपी के साथ अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके।

# कमजोर दिमाग की महिला को भी मां बनने का हक: हाईकोर्ट

### 21 हफ्ते की गर्भवती के पिता ने अबॉर्शन की याचिका लगाई

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को एक सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से सवाल किया कि मानसिक रूप से कमजोर महिला को क्या मां बनने का अधिकार नहीं है। अगर हम ऐसा कहते है कि कम दिमाग वाले व्यक्ति को पेरेंट बनने का अधिकार नहीं तो यह कानून के खिलाफ होगा। जस्टिस आर.वी. घुगे और जस्टिस राजेश पाटिल की डिवीजन बेंच 27 वर्षीय महिला के पिता की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। महिला 21 हफ्ते की गर्भवती है और उसके पिता उसे मानसिक रूप से कमजोर बताकर अबॉर्शन कराने की इजाजत मांग रहे हैं। पिता का तर्क था कि उनकी बेटी मानसिक रूप से अस्वस्थ और अविवाहित है। उन्होंने पिछली सुनवाई में बताया कि उनकी बेटी गर्भावस्था को जारी रखना चाहती है। इसके बाद बेंच ने जेजे अस्पताल के चिकित्सा बोर्ड को महिला की जांच करने का आदेश दिया था।

### भ्रूण के विकास में किसी तरह की समस्या नहीं



महिला प्रेग्नेंसी जारी रखने के लिए मेडिकली फिट मेडिकल बोर्ड की तरफ से बुधवार को पेश की गई रिपोर्ट के मुताबिक, महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ या बीमार नहीं है, लेकिन 75% IQ के साथ बौद्धिक विकलांगता की सीमा पर है। वहीं, भ्रूण के विकास में किसी तरह की समस्या नहीं है। महिला प्रेग्नेंसी जारी रखने के लिए मेडिकली फिट है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि प्रेग्नेंसी को टर्मिनेट किया जा सकता है। एडवोकेट प्राची टाटके ने अदालत को बताया कि ऐसे मामलों में गर्भवती महिला की सहमति सबसे महत्वपूर्ण है। नियमों के अनुसार अगर महिला 20 हफ्ते की प्रेग्नेंट हो और मानसिक रूप से बीमार हो तो अबॉर्शन की इजाजत दी जाती है।

### 2011 से सिर्फ दवाओं पर थी महिला

बेंच ने कहा कि महिला के माता-पिता उसे किसी भी साइकोलॉजिकल काउंसिलिंग के लिए लेकर नहीं गए और ना ही उसका इलाज करवाया। 2011 से उसे सिर्फ दवाओं पर रखा है। कोर्ट ने कहा, रिपोर्ट में यह बताया गया है कि महिला की बुद्धि औसत से कम है, लेकिन कोई भी व्यक्ति अति बुद्धिमान नहीं हो सकता। हम सभी इंसान हैं और हर किसी की बुद्धि का स्तर अलग होता है।

### कोर्ट ने पिता को दी सलाह

अजन्मे बच्चे के पिता से मिलें याचिकाकर्ता ने जब बताया कि महिला ने बच्चे के पिता का नाम बता दिया है तो कोर्ट ने उन्हें उस व्यक्ति से मिलने और बातचीत करने की सलाह दी। कोर्ट ने कहा कि माता-पिता के तौर पर पहल करें और उस व्यक्ति से बात करें। वे दोनों वयस्क हैं। यह कोई अपराध नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा याचिकाकर्ता माता-पिता ने महिला को तब गोद लिया था जब वह पांच महीने की बच्ची थी। अब उन्हें अपना कर्तव्य निभाना चाहिए।

# जुर्माने के रूप में 104 करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्राप्त

### पश्चिम रेलवे ने किया अप्रैल से दिसंबर 2024 के दौरान गहन टिकट जांच

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



पश्चिम रेलवे ने लगातार गहन टिकट जांच अभियानों के जरिए बिना टिकट या अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों पर कड़ी कार्रवाई की। ये अभियान मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों, पैसेंजर ट्रेनों और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में चलाए गए। इन अभियानों से अप्रैल से दिसंबर 2024 तक कुल 104.45 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की गई, जिसमें मुंबई उपनगरीय खंड से 33.98 करोड़ रुपये भी शामिल हैं।

### दिसंबर 2024 में जुर्माना वसूली

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दिसंबर 2024 में बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले 1.89 लाख यात्रियों से 10 .98 करोड़ रुपये की राशि वसूल की गई। दिसंबर में मुंबई उपनगरीय खंड में 85 हजार मामलों का पता चला, जिससे 3 .35 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा रोकने के प्रयास

पश्चिम रेलवे एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा को रोकने के लिए नियमित रूप से औचक टिकट जांच अभियान चला रहा है। इन अभियानों में अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच 45,000 से अधिक अनधिकृत यात्रियों से जुर्माने के रूप में 151 लाख रुपये वसूले गए।

एल्गार परिषद-माओवाद लिंक मामला

# रोना विल्सन-सुधीर धवले को राहत

### हाईकोर्ट से मिली जमानत

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को शोधकर्ता रोना विल्सन और कार्यकर्ता सुधीर धावले को जमानत दे दी, दोनों को 2018 में एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में गिरफ्तार किया गया था। जस्टिस ए एस गडकरी और कमल खता की खंडपीठ ने उनके लंबे समय तक जेल में रहने और मामले के जल्द निपटारे की संभावना कम होने पर यह निर्णय लिया।

### बचाव पक्ष के वकील का तर्क



बचाव पक्ष के वकील मिहिर देसाई और सुदीप पासबोला ने तर्क दिया कि दोनों आरोपी 2018 से जेल में हैं और अब तक विशेष अदालत में आरोप तय नहीं हुए हैं। इसको लेकर हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह इस समय मामले के गुण-दोष पर विचार नहीं कर रहा है। विल्सन और धावले को एक-एक लाख रुपये का मुचलका जमा करने और मुकदमे की सुनवाई के लिए विशेष एनआईए अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया। इसको लेकर पीठ ने कहा कि मामले में 300 से ज़्यादा गवाह हैं और इसलिए निकट भविष्य में मुकदमे का निष्कर्ष निकालना संभव नहीं है।

### पुणे पुलिस ने किया था दावा

बता दें कि यह मामला 31 दिसंबर, 2017 को पुणे में आयोजित एल्गार परिषद सम्मेलन में कथित तौर पर दिए गए भड़काऊ भाषणों से संबंधित है, जिसके कारण अगले दिन पुणे जिले के कोरेगांव-भीमा में हिंसा भड़क गई थी। पुणे पुलिस ने दावा किया था कि सम्मेलन को माओवादियों का समर्थन प्राप्त था। बाद में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जांच अपने हाथ में ले ली। मामले में गिरफ्तार किए गए 16 लोगों में से कई अब जमानत पर बाहर हैं। जहां रोना विल्सन को जून 2018 में दिल्ली में उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसियों ने उन्हें शहरी माओवादियों के शीर्ष नेताओं में से एक बताया था। वहीं सुधीर धावले को सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था, उन पर प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का सक्रिय सदस्य होने का आरोप था।

# दो महिला नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

### 10 लाख रुपए का था इनाम



**मुंबई/गढ़चिरौली।** गढ़चिरौली जिले में बुधवार को 10 लाख रुपये की इनामी दो महिला नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया है। महाराष्ट्र सरकार ने महिला नक्सलियों पर इनाम घोषित किया था—शामला जुरू पुडो उर्फ लीला पर आठ लाख रुपये और काजल मंगरू वड्डे उर्फ लिम्मी पर दो लाख रुपये। पुलिस बल की ओर से चलाए गए पुनर्वास अभियान के तहत अब तक 693 नक्सलियों ने गढ़चिरौली पुलिस बल के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। 2025 के पहले सप्ताह में 13 माओवादी कैडरों ने अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया, जिसमें से 11 वरिष्ठ नक्सलियों ने 1 जनवरी को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने आत्मसमर्पण किया था।

### शामला जुरू पुडो (लीला)

पुलिस के अनुसार, शामला 2002 में नक्सली दलम में शामिल हुई और 2010 से सेक्शन कमांडर के रूप में कार्यरत थी। उसके खिलाफ 45 मामले दर्ज हैं, जिनमें मुठभेड़ के 21 मामले, आगजनी के 6 मामले और 18 अन्य मामले शामिल हैं। महाराष्ट्र सरकार ने उस पर आठ लाख रुपये का इनाम रखा था।

### काजल मंगरू वड्डे (लिम्मी)

काजल 2018 से नक्सली आंदोलन के सदस्य के रूप में काम कर रही थी। उस पर मुठभेड़ के 4 मामले, आगजनी का 1 मामला और तीन अन्य मामले दर्ज हैं। महाराष्ट्र सरकार ने उस पर दो लाख रुपये का इनाम रखा था।

# मुंबई में आवासीय इमारत में आग, कोई हताहत नहीं



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई में सायन अस्पताल के निकट तीन मंजिला आवासीय इमारत में बुधवार सुबह आग लग गई। आग लगने की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि आग सुबह करीब नौ बजे सायन अस्पताल के पास सुलोचना शेट्टी मार्ग पर पंचशील इमारत की पहली मंजिल पर लगी। सूचना मिलने पर मुंबई पुलिस, नगर निगम के अधिकारी और दमकल विभाग के कर्मी घटनास्थल पहुंचे।दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया, मौके पर दमकल की चार गाड़ियां मौजूद हैं। घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है।

**बीमारी** महाराष्ट्र में बाल झड़ने की अजीब बीमारी

# 3 गांवों के 60 लोग अचानक गंजे हुए, सबसे ज्यादा महिलाएं प्रभावित

### बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक परेशान

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाना शहर में अजब बीमारी फैल रही है। यहां के 3 गांवों में पिछले 3 दिन में अचानक 60 लोग गंजेपन का शिकार हुए हैं। शहर के शेगाव तहसील के बोंडगांव, कालवड़ और हिंगना गांवों में बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी लोगों के बाल झड़ने लगे हैं। इससे सभी गंजे होते जा रहे हैं, यहां तक कि महिलाएं भी इसका शिकार हो रही हैं।

### बीमारी का पता लगाने में जुटी स्वास्थ्य विभाग की टीम



गांवों में फैल रही ये बीमारी कौन सी है, अभी इसका पता नहीं चल पाया है। यह बीमारी जेनेटिक है या नहीं, इसका पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इन गांवों में जाकर सर्वे पूरा कर लिया है। साथ ही पानी का सैंपल भी ले लिया गया है। इस बीमारी के पहले दिन व्यक्ति के सिर में खुजली शुरू होती है। दूसरे दिन से बाल हाथ में आने शुरू हो जाते हैं, और तीसरे दिन मरीज गंजा हो जाता है। इस बीमारी से सबसे ज्यादा महिलाएं पीड़ित हैं। अधिकतर मरीजों ने प्राइवेट अस्पताल में अपना इलाज कराना शुरू कर दिया है।

### स्वास्थ्य अधिकारी बोले- शैंपू के इस्तेमाल पर शक जताया

अचानक फैली इस बीमारी से स्वास्थ्य विभाग भी हैरत में है। तहसील की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिपाली मालवदकर ने इसकी जानकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी और अन्य प्रशासन को दे दी है। वहीं गांववालों ने इस बीमारी का जल्द से जल्द इलाज ढूंढने की मांग की है। डॉ. दिपाली मालवदकर का कहना है कि शैंपू के इस्तेमाल से ऐसा हुआ होगा। हालांकि कई पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने कभी केमिकल से भरा शैंपू तो क्या साबुन भी अपने बालों में नहीं लगाया है। फिर भी उनके बाल झड़ते जा रहे हैं।


**पश्चिम रेलवे**

**एनएफआर अनुबंधों के लिए ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल डिवीजन, पश्चिम रेलवे ंडल रेलवे प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल - मुंबई - 400 008।
कार्य - मुंबई डिवीजन में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना।

नीलामी सूची क्रमांक: MMCT-ADVTM 24-27 | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट): 17-01-25 14:00:00

| क्र. सं. | लॉट क्रमांक | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-VAPI-PrKiosk-51-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - प्रचार कियोस्क) | वापी स्टेशन पर प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए 3 वर्ष की अवधि के लिए ई-नीलामी। | 1095 | 17-01-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-NVS-Prkiosk-50-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं - प्रचार कियोस्क) | नवसारी स्टेशन (एनवीएस) स्टेशन पर प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से 3 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई-नीलामी | 1095 | 17-01-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-ST-prkiosk-48-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं - प्रचार कियोस्क) | सूरत (एसटी) स्टेशन पर प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से 1 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई-नीलामी। | 365 | 17-01-25 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-BL-prkiosk-49-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं - प्रचार कियोस्क) | वलसाड (बीएल) स्टेशन पर प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से 3 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई-नीलामी। | 1095 | 17-01-2025 15:00:00 |

नीलामी सूची क्रमांक: MMCT-ADVT-24-62 | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट): 17-01-25 15:00:00

| क्र. सं. | लॉट क्रमांक | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-CCG-OH-394-25-1 (विज्ञापन - घर से बाहर) | चर्चगेट स्टेशन, प्लेटफॉर्म नंबर के पश्चिम की ओर वॉल पेंटिंग के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। 1 पिलर वाली दीवारें, सड़क की ओर मुख करके | 730 | 17-01-25 15:30:00 |

नीलामी सूची क्रमांक: MMCT-PnU-24-15 | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट): 20-01-25 14:00:00

| क्र. सं. | लॉट क्रमांक | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| एए/1 | PnU-BCT-MMCT-WRL-27-22-1 (भुगतान और उपयोग - लाउंज/प्रतीक्षा/रिटायरिंग/क्लोक रूम) | मुंबई मंडल के मुंबई सेंट्रल (MMCT) स्टेशन पर 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए क्लोक रूम सेवाओं का नवीनीकरण, प्रबंधन, रखरखाव, संचालन और संचालन | 1826 | 20-01-25 14:30:00 |

नीलामी सूची क्रमांक: MMCT-ADVT-24-63 | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट): 20-01-25 15:00:00

| क्र. सं. | लॉट क्रमांक | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-ADH-OSD-310-23-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (डिजिटल)) | अंधेरी (ADH) स्टेशन पर एलईडी वीडियोवॉल के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1826 | 20-01-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-MEL-OSD-355-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (डिजिटल)) | मरीन लाइन्स (MEL) पर स्टेशन भवन पर एलईडी स्क्रीन के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1826 | 20-01-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-GMN-OSD-360-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (डिजिटल)) | गोरेगांव (GMN) स्टेशन पर वीडियोवॉल की स्थापना और संचालन के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1826 | 20-01-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | अंधेरी (ADH) स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज और सीढ़ी लैंडिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 20-01-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-ADH-OSN-392-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल) | अंधेरी (ADH) स्टेशन पर प्लेटफॉर्म पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 20-01-25 16:10:00 |

नीलामी सूची क्रमांक: MMCT-ADVTM24-28 | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट): 21-01-25 14:00:00

| क्र. सं. | लॉट क्रमांक | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-MMCT- PrKiosk-47-24-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ-प्रचार कियोस्क) | वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई-नीलामी चर्चगेट से विरार (29 स्टेशन) तक के स्टेशनों/स्थानों पर 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रचार कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन | 1095 | 21-01-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-BDTS-TWnOPS-6-22-1 2 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - दोपहिया और अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ) | बांद्रा टर्मिनस स्टेशन के पार्सल कार्यालय में सुविधा काउंटर स्थापित करके दो पहिया वाहनों और पार्सल/सामान पैकेजों के लिए पैकिंग सेवाओं का प्रावधान | 1095 | 21-01-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ-स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएँ) | 5 वर्ष की अवधि के लिए माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के माध्यम से चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना। | 1826 | 21-01-25 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-CCG-SS-42-24-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - सैलून सेवाएँ) | चर्चगेट स्टेशन पर यूनिसेक्स सैलून सेवाएँ प्रदान करने के लिए वातानुकूलित सैलून कियोस्क के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी | 1096 | 21-01-25 15:00:00 |
| 5 | MSS-BCT-ADH-SS-43-24-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - सैलून सेवाएँ) | अंधेरी स्टेशन पर यूनिसेक्स सैलून सेवाएँ प्रदान करने के लिए वातानुकूलित सैलून कियोस्क के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी, स्तंभ संख्या 28 और 29 के बीच पश्चिम ऊपरी डेक के उत्तर पश्चिम की ओर 32' x 10' = 320 वर्ग फीट आकार में ई-नीलामी की | 1096 | 21-01-25 15:10:00 |

नीलामी सूची क्रमांक: MMCT-ADVT-24-64 | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट): 21-01-25 15:00:00

| क्र. सं. | लॉट क्रमांक | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-DIC-OH-53-24-1 (विज्ञापन - घर से बाहर) | दहिसर स्टेशन पर मौजूदा होर्डिंग संरचनाओं को हटाकर और उनकी जगह 1156 वर्ग फीट के कुल क्षेत्रफल वाले नए ढांचे (04 होर्डिंग संरचनाएं) लगाकर विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए 07 वर्षों की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 2557 | 21-01-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-VAPI-OH-40-24-1 (विज्ञापन घर से बाहर) | वापी स्टेशनों पर उपलब्ध 05 समाप्त हो चुके और खाली होर्डिंग पर विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक विज्ञापन अधिकार, मौजूदा होर्डिंग संरचनाओं को हटाकर और उनकी जगह 1200 वर्ग फीट के प्रदर्शन क्षेत्र वाले नए होर्डिंग ढांचे बनाकर विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए 7 वर्षों की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 2557 | 21-01-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-BOR-OH-56-24-1 (विज्ञापन घर से बाहर) | बोइसर स्टेशन पर विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक विज्ञापन अधिकार मौजूदा होर्डिंग संरचनाओं को तोड़ना और इसे 20' x 10' (1) = 200 वर्ग फीट आकार की नई संरचनाओं से बदलना। 07 वर्ष की अवधि के लिए | 2557 | 21-01-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-BVI-OH-364-24-1 (विज्ञापन - घर से बाहर) | बोरीवली स्टेशन के उत्तर पूर्व परिसंचारी क्षेत्र में, मौजूदा होर्डिंग संरचना के पूर्व की ओर, दक्षिण की ओर 30' x 30' (1) = 900 वर्ग फीट आकार की नई होर्डिंग संरचना बनाकर विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक विज्ञापन अधिकार 07 वर्ष की अवधि के लिए | 2557 | 21-01-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-BSR-OH-54-24-1 (विज्ञापन घर से बाहर) | वसई रोड स्टेशन पर होर्डिंग संरचनाओं पर विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक विज्ञापन अधिकार, 1000 वर्ग फीट के कुल क्षेत्रफल की नई होर्डिंग संरचनाओं (05 होर्डिंग संरचनाओं) का निर्माण करके | 2557 | 21-01-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-NIG-OH-366-24-1 (विज्ञापन - घर से बाहर होम) | नायगांव रोड ओवर ब्रिज पर नई होर्डिंग संरचनाओं का निर्माण करके विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक विज्ञापन अधिकार - 20' x 20' (2) आकार की 02 होर्डिंग संरचनाएं, कुल क्षेत्रफल 1600 वर्ग फीट का वी-आकार 07 वर्ष की अवधि के लिए | 2557 | 21-01-25 16:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-GTR-OH-352-24-1 (विज्ञापन - घर से बाहर) | ग्रांट रोड स्टेशन पश्चिम परिसंचारी क्षेत्र में नए होर्डिंग ढांचे के निर्माण द्वारा विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए थोक विज्ञापन अधिकार - 07 वर्षों की अवधि के लिए 600 वर्ग फीट के कुल क्षेत्रफल के 20' x 20' (1) और 20' x 10' (1) आकार के 02 होर्डिंग ढांचे। | 2557 | 21-01-25 16:30:00 |
| 8 | ADVT-BCT-BIY-OH-353-24-1 (विज्ञापन - घर से बाहर) | बारडोली स्टेशन पर नए होर्डिंग ढांचे के निर्माण द्वारा विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए थोक विज्ञापन अधिकार 05 होर्डिंग ढांचे 40' x 10' (1), 20' x 20' (2), 60' x 8' (2) बैक टू बैक और 10' x 20' (2) बैक टू बैक, कुल क्षेत्रफल 2560 वर्ग फीट 07 वर्षों की अवधि के लिए। | 2557 | 21-01-25 16:40:00 |
| 9 | ADVT-BCT-BVI-OH-365-24-1 (विज्ञापन - घर से बाहर) | बोरीवली स्टेशन पश्चिम में एसएसई (पी.वे)-बीवीआई के परिसर में, पश्चिम की ओर मुख करके तथा गांजावाला वाला लेन से आने वाले यातायात के लिए 20' x 20' (1) = 400 वर्ग फीट आकार के नए होर्डिंग ढांचे के निर्माण द्वारा विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक विज्ञापन अधिकार 07 वर्ष की अवधि के लिए | 2557 | 21-01-25 16:50:00 |

नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट के अनुसार विवरण कैटलॉग में दिए गए हैं

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly 0936

## संपादकीय

# आधी-अधूरी शिक्षा

विकास और प्रगति के तमाम दावों के बीच यदि देश के करीब आधे स्कूल कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा से वंचित हों, स्कूल बढ़ रहे हों और दाखिले कम हो रहे हों, साथ ही विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बढ़ रहा हो, तो इसे एक बड़ी चुनौती माना जाना चाहिए। निस्संदेह, आर्थिक विकास हमारी प्राथमिकता होता है, लेकिन यदि बुनियादी शिक्षा तमाम विसंगतियों से जूझ रही हो तो विकास की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। सवाल खासकर वंचित समाज के बच्चों का है, जिनका बड़ा संघर्ष जीवन-यापन की प्राथमिकताओं से जुड़ा है। स्वतंत्र भारत में शैक्षिक सुधार के जो प्रयास हुए,उनका लाभ वंचित समाज को काफी अधिक हुआ है। दरअसल, सरकारी स्कूल समाज के कमजोर वर्ग की आशा के केंद्र रहे हैं। यदि आज इन समाजों के बच्चे ही शिक्षा से दूर हो रहे हैं, तो तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए। आज भी लाखों बच्चे शिक्षा पाने से वंचित हैं। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे खासे चौंकाने वाले हैं। समीक्ष्य वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट बताती है कि इससे पहले साल के मुकाबले स्कूल में दाखिलों में 37.5 लाख की कमी आई है। जहां वर्ष 2022-23 में स्कूलों में 25.17 करोड़ विद्यार्थी दर्ज थे, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर 24.80 करोड़ हो गई है। यह आंकड़ा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर का है। वहीं समीक्ष्य अवधि में बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जिनमें छात्राएं, वंचित व कमजोर वर्ग के बच्चे अधिक हैं। ऐसे में मंथन की जरूरत है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम प्रयासों, नई शिक्षा नीति लागू होने, अधिक स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है। सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत के अंतर को संबोधित करने की जरूरत है। ताकि नये दाखिलों को प्रोत्साहन मिले और छात्र भी बीच में स्कूल न छोड़ें। दरअसल, जरूरत इस बात की भी कि जहां एक ओर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे, वहीं स्कूलों में दाखिले को लेकर छात्रों का आकर्षण भी बना रहना चाहिए। साथ ही शिक्षा को व्यावहारिक बनाने और समय के साथ कदमताल करने की जरूरत है। वहीं दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 फीसदी स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। वहीं दूसरी ओर 53 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे दौर में जब ऑनलाइन पढ़ाई का खासा जोर है तो ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे? प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उनका क्या भविष्य होगा? विडंबना यह है कि वंचित समाज व कमजोर वर्ग के परिवारों में बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे भी हैं, जिनके पास न तो कंप्यूटर है और न ही स्मार्ट फोन। दरअसल, उनके परिवारों के जीवन यापन का संघर्ष इतना बड़ा है कि कंप्यूटर व स्मार्ट फोन उनकी प्राथमिकता नहीं बन सकते। चिंता की बात यह है कि निम्न मध्यवर्गीय लोग तो निजी स्कूलों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं, लेकिन कमजोर वर्ग के विद्यार्थी कहां जाएंगे? शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा जब सामाजिक विसंगतियां दूर होंगी। यहां सवाल स्कूलों में शिक्षकों व छात्रों के अनुपात का भी है। यह ठीक है कि स्कूलों के भवनों के स्तर में सुधार हुआ है, स्कूलों में बिजली, पानी व जेंडर अनुकूल शौचालय बने हैं। लेकिन हमारी प्राथमिकता केवल स्कूलों में संरचनात्मक विकास ही नहीं होना चाहिए, बल्कि शैक्षिक वातावरण भी बच्चों की पढ़ाई के अनुकूल होना चाहिए।

# न्याय प्रणाली को व्यावहारिक बनाने की पहल

भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए राजद्रोह का अपराध परिभाषित करती थी। यह धारा उन लोगों को दंडित करती थी जो भारत सरकार या किसी भी राज्य सरकार के खिलाफ विद्रोह या असंतोष फैलाने का प्रयास करते थे। इस कानून के आलोचकों का मानना था कि इसका अक्सर दुरुपयोग किया जाता था। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाता था।

संहिता ने राजद्रोह के अपराध को निरस्त कर दिया है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय न्याय संहिता ने राजद्रोह के अपराध को हटाकर उसके स्थान पर नए अपराधों को परिभाषित किया है। ये नए अपराध देश की एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्यों से संबंधित हैं। इनमें शामिल हैं लोगों के बीच फूट डालने का प्रयास, सशस्त्र विद्रोह या हिंसा को भड़काना, अलगाववादी गतिविधियां, राजद्रोह कानून के निरसन को भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, यह भी महत्वपूर्ण है कि इस नए कानून का दुरुपयोग न हो।

संहिता ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए दंड को कड़ा कर दिया है। इसमें बलात्कार, यौन उत्पीड़न और घरेलू हिंसा शामिल हैं। भारतीय न्याय संहिता, 2023 में बलात्कार के लिए न्यूनतम सज़ा बढ़ा दी गई है। साथ ही, कुछ विशेष परिस्थितियों में बलात्कार के लिए मृत्युदंड का भी प्रावधान किया गया है।

यौन उत्पीड़न को गंभीर अपराध माना गया है और इसके लिए कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। अब घरेलू हिंसा के मामलों में पीड़ित महिलाओं को अधिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

छेड़छाड़ और पीछा करने जैसे अपराधों के लिए भी कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। शादी के वादे के झांसे में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाने पर अब तीन साल तक की जेल की सज़ा हो सकती है।

महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए विशेष अदालतें स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। ये बदलाव महिलाओं को न्याय दिलाने, सशक्त बनाने और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान बढ़ाने में मदद करेंगे और अपराधियों को कठोर सज़ा दिलाएंगे।

संहिता ने बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई नए प्रावधान जोड़े हैं। बाल यौन शोषण के मामलों में अधिकतम सज़ा बढ़ा दी गई है। इसके अलावा, बाल पोर्नोग्राफी को एक गंभीर अपराध माना गया है।



बाल तस्करी को रोकने के लिए कड़े कानून बनाए गए हैं। बाल तस्करों को कठोर सज़ा दी जाएगी। बाल श्रम और बाल विवाह को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। मुक्त कराए बच्चों को शिक्षा और पुनर्वास की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। भारत में बाल अपराधों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। यह संहिता बच्चों को अपराध और बच्चों को शोषण से बचाने में मदद करेगी।

संहिता में साइबर अपराधों से निपटने के लिए कई नए प्रावधान जोड़े गए हैं। बीएनएस ने साइबर अपराधों की परिभाषा को विस्तृत किया है, जिसमें हैकिंग, डेटा चोरी,

**डॉ. सुधीर कुमार**

ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर उत्पीड़न और अन्य प्रकार के साइबर अपराध शामिल हैं। यह सुनिश्चित करता है कि सभी प्रकार के साइबर अपराधों को कानून के दायरे में लाया जा सके। बीएनएस ने साइबर अपराधों के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया है। इसमें लंबी जेल की सज़ा और भारी जुर्माना शामिल है। इसमें साइबर अपराध सिंडिकेट बनाने और चलाने के लिए दंड का प्रावधान शामिल है।

बीएनएस में साइबर अपराधों की जांच के लिए विशेषज्ञों की नियुक्ति का प्रावधान है। इससे साइबर अपराधों की जांच में दक्षता आएगी और अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी। बीएनएस में साइबर सुरक्षा के लिए उपाय करने का प्रावधान है। इसमें महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित रखने, साइबर हमलों से बचाव करने और साइबर सुरक्षा जागरूकता विस्तार के उपाय शामिल हैं। संहिता में आतंकवाद से निपटने के लिए कई नए प्रावधान जोड़े गए हैं।

संहिता में आतंकवाद की परिभाषा को और अधिक व्यापक बनाया गया है, जिसमें भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता और आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले सभी कार्य शामिल हैं। संहिता में साइबर आतंकवाद से निपटने के लिए भी नए प्रावधान जोड़े गए हैं। संहिता में कई ऐसे प्रावधान हैं जो न्याय प्रणाली में गति ला सकते हैं। न्यायिक प्रक्रिया में सुधार के लिए लगातार अनुसंधान और विकास पर जोर दिया गया है।

न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक और प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। जमानत की शर्तों को आसान बनाया गया है ताकि बेगुनाह लोग जेल में लंबा समय न बिताएं। निश्चित रूप से यह सकारात्मक कदम भारतीय न्याय प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करेगा।

## जीवन मंत्र

श्री अरविंद

# युवा विचार करना सीखें

> हम यह भी न करें कि बिना तरतीब इधर-उधर से चुनकर एक बिना नाम का चूं-चूं का मुरब्बा बना दें और विजयघोष करके उसे पूर्व और पश्चिम के समन्वय का नाम दे दें। शुरुआत हमें विश्वास पर किसी स्रोत से, कोई भी चीज स्वीकार न कर, हर बात पर प्रश्न चिह्न लगाकर और अपने निष्कर्ष स्वयं निकालकर करनी चाहिए।

हमने अपनी जिस बौद्धिक स्वतंत्रता और लोच को खो दिया है, उसे फिर से कैसे वापस पाएं? उस प्रक्रिया को उलटकर, कम से कम कुछ समय के लिए, जिससे कि हमने उसे खो दिया है, सभी विषयों में अपने मस्तिष्क को प्रमाणों की दासता से छुटकारा दिलाकर। ... आओ हम अपनी जंजीरों को तोड़ डालें, वे सम्मान्य हों, तो भी, पर मुक्त होने के लिए ही, सत्य के नाम पर ऐसा करें।

यदि भारत को अपना अस्तित्व बनाए रखना है और विश्व में अपना निर्धारित कार्य करना है, तो हमारी पहली आवश्यकता होगी कि भारत का युवा-वर्ग विचार करना सीखे। सभी विषयों पर विचार करना, स्वतंत्र रूप से, लाभदायक ढंग से, वस्तुओं की तह तक जाकर विचार करना, उनकी ऊपरी सतह से रुककर नहीं, पूर्वनिर्णयों से मुक्त होकर, एक तेज तलवार से मिथ्याभास और पूर्वाग्रह को काटते हुए, हर प्रकार की रूढ़िवादिता को मानो भीम की गदा के प्रहार से चूर-चूर करते हुए।

हम यह भी न करें कि बिना तरतीब इधर-उधर से चुनकर एक बिना नाम का चूं-चूं का मुरब्बा बना दें और विजयघोष करके उसे पूर्व और पश्चिम के समन्वय का नाम दे दें। शुरुआत हमें विश्वास पर किसी स्रोत से, कोई भी चीज स्वीकार



न कर, हर बात पर प्रश्न चिह्न लगाकर और अपने निष्कर्ष स्वयं निकालकर करनी चाहिए। हमें डरना नहीं चाहिए कि इस प्रक्रिया से हम भारतीय नहीं रह जाएंगे अथवा हिंदुत्व को छोड़ने के खतरे में पड़ जाएंगे। ऐसा कभी नहीं होगा कि भारत भारत न रहे अथवा हिंदुत्व हिंदुत्व न रहे, यदि हम सचमुच अपने तईं विचार करें। वह तो तभी जब हम अपने लिए यूरोप को विचार करने की अनुमति दें कि भारत को यूरोप की भद्दी और मूर्खतापूर्ण नकल बन जाने का खतरा है।... जो सत्य और स्थायी है, उसी पर हमें खड़े होना चाहिए, किंतु यह पता लगाने के लिए कि हमारे विचारों में क्या सत्य और स्थायी है, हमें सभी से समान सख्ती से और पक्षपात रहित होकर प्रश्न करना चाहिए। सिर्फ भारत के लिए नहीं, बल्कि सारी मानवता के लिए ऐसी प्रक्रिया की आवश्यकता को मान्यता दी गई है। जब कार्लायल ने सारे फॉर्मूलों को निगल जाने की बात कही थी, तो उसका तात्पर्य यही था। इसी प्रक्रिया से गोथे ने यूरोपीय विचार को फिर से अनुप्राणित करने में सहायता दी थी। कुछ समय से यूरोप ने मौलिक विचारकों को उत्पन्न करना बंद कर दिया है, यद्यपि वह मौलिक मशीन बनानेवाले अब भी उत्पन्न कर रहा है। ... चीन, जापान और मुस्लिम राज्य फिसलकर यूरोप का अंधानुकरण करते जा रहे हैं। केवल भारत में ऐसी स्वतःपूर्ण, अंतर्निहित ऊर्जा और अजेय आध्यात्मिक व्यक्तित्व है, जो अब भी ऊपर उठ सकता है और अपनी व विश्व की बेड़ियां तोड़ सकता है।

## शख्सियत | सुंदरलाल बहुगुणा

# आम जन तक फैलाया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश



सुंदरलाल बहुगुणा भारत के प्रमुख पर्यावरण चिंतक और चिपको आंदोलन के प्रणेता माने जाते है। इनका जन्म 9 जनवरी 1927 को उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले के छोटे से गांव मरोडा में हुआ। उनका विवाह विमला बहुगुणा से हुआ और दोनो के तीन बच्चे है। 21 मई 2021 को सुंदरलाल बहुगुणा की मृत्यु अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में हो गई।

सामाजिक कार्यो में सुंदरलाल बहुगुणा हमेशा सक्रिय रहे। उन्होंने अपनी पत्नी विमला के सहयोग से सिलयारा (टिहरी गढ़वाल) में पर्वतीय नवजीवन मंडल की स्थापना की। इसके बाद उनका संपर्क समाज सुधारक मीरा बेन और ठक्कर बाप्पा से हुआ और उनसे प्रेरणा लेकर 1940 में टिहरी में ही दलित वर्ग के विद्यार्थियों के उत्थान के लिए उन्होंने ठक्कर बप्पा हॉस्टल की स्थापना की और समाज में हो रहे जात पात भेद भाव के खात्मे के लिए उन्होंने मंदिरो में दलित वर्ग के जाने के लिए भी आंदोलन किए। चिपको आंदोलन की शुरुवात चिपको वूमेन गोरा देवी के द्वारा की गयी थी, लेकिन इस आंदोलन को सही दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य इनके द्वारा ही किया गया।

इसके साथ ही चिपको आंदोलन को देश के साथ साथ वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में भी इनका अहम योगदान रहा। सुंदरलाल बहुगुणा जी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए 1980 की शुरुआत में पूरे गढ़वाल मंडल की यात्रा की इस दौरान उन्होंने वनों और पर्यावरण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के लिए संगठन बनाएं और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश आम जन तक फैलाया। उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से भी भेंट की और उन्हें आगामी 15 सालों तक पेड़ों के काटने पर रोक लगाने का निवेदन किया और इसके बाद ही यह रोक लगा दी गई। वृक्षों की रक्षा के करना जरुरी है, क्योंकि वह हमें जीवन जीने के लिए सब कुछ देतें हैं। चिपको 'पारिस्थितिकी स्थायी अर्थव्यवस्था है। पारिस्थितिकी और पारिस्थितिकी तंत्र अधिक महत्त्वपूर्ण हैं। पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था को एक साथ चलना चाहिए। भागीरथी नदी पर टिहरी बांध विनाशकारी परिणामों वाली एक मेगा परियोजना है। हम प्रकृति से हैं और प्रकृति हमसे हैं, इसलिए हम एक दूसरे के पूरक हैं। समाज में अपनी स्थिति के बारे में अपना दृष्टिकोण रखना चाहिए।

लोगों के वनों पर अधिकारों के बारे में जागरूक होना जरुरी है, जमीनी स्तर पर सक्रियता पारिस्थितिकी और साझा प्राकृतिक संसाधनों के संबंध में नीति-निर्माण को प्रभावित कर सकती है। हरे पेड़ न काटे क्योंकि हरे पेड़ काटना धर्म के खिलाफ है। यदि सर कट जाए और पेड़ बच जाए तो यह सस्ता सौदा है।

## जीवन ऊर्जा

रिचर्ड मिल्हौस निक्सन : जन्म- 9 जनवरी, 1913 | जन्म

> रिचर्ड मिल्हौस निक्सन संयुक्त राज्य अमेरिका के 37वें राष्ट्रपति थे, जिन्होंने 1969 से 1974 तक सेवा की। एक वकील और रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य, उन्होंने पहले कैलिफोर्निया से एक प्रतिनिधि और सीनेटर के रूप में कार्य किया था। 1953 से 1961 तक राष्ट्रपति ड्वाइट डी. आइजनहावर के अधीन 36वें उपराष्ट्रपति रहे। जन्म 9 जनवरी, 1913 को कैलिफोर्निया के योरबा लिंडा के टाउनशिप परिसर में हुआ था और निधन 22 अप्रैल 1994 को हुआ।

# बेहतरीन स्टील को सबसे गर्म आग से गुजरना पड़ता है

केवल यदि आप सबसे गहरी घाटी में रहे हैं, तो क्या आप कभी जान सकते हैं कि सबसे ऊंचे पर्वत पर होना कितना शानदार है। बेहतरीन स्टील को सबसे गर्म आग से गुजरना पड़ता है। हार कर कोई आदमी ख़त्म नहीं होता। जब वह नौकरी छोड़ देता है तो वह समाप्त हो जाता है। संकट में, खतरे के प्रति सचेत रहें - लेकिन अवसर को पहचानें। विचारशील व्यक्ति जो कार्य नहीं करेगा वह अप्रभावी है। कार्यशील व्यक्ति जो नहीं सोचेगा वह खतरनाक है। मैं इसे ले सकता हूं। यह जितना कठिन होता जाता है, मैं उतना ही ठंडा होता जाता हूं। आपको हार से बचना सीखना होगा। तभी आप चरित्र का विकास करते हैं।



लोगों को पता चल गया है कि उनका राष्ट्रपति बदमाश है या नहीं। ख़ैर, मैं बदमाश नहीं हूं। मेरे पास जो कुछ भी है, मैंने अर्जित किया। यदि आप कोई जोखिम नहीं लेते, तो आपको कोई हार नहीं मिलेगी। लेकिन यदि आप कोई जोखिम नहीं लेते, तो आप कोई जीत नहीं पाते। इतिहास द्वारा प्रदान किया गया सबसे बड़ा सम्मान शांतिदूत का है। महानता तब आती है जब आपकी वास्तव में परीक्षा होती है, जब आप कुछ असफलताओं, कुछ निराशाओं का सामना करते हैं, जब उदासी आती है। हमेशा याद रखें, दूसरे आपसे नफरत कर सकते हैं, लेकिन जो आपसे नफरत करते हैं वे तब तक नहीं जीतते जब तक आप उनसे नफरत नहीं करते, और तब आप खुद को नष्ट कर लेते हैं। अपने सिर को कभी भी नीचे न झुकने दें। कभी हार मत मानो और बैठकर शोक मनाओ। दूसरा रास्ता खोजें।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# क्यों कहा जाता है प्रयागराज को तीर्थराज?

(भाग 2)

प्रयागराज की महत्ता वेदों और पुराणों में विस्तार से बताई गई है। एक बार शेषनाग से ऋषिवर ने भी यही प्रश्न किया था कि प्रयागराज को तीर्थराज क्यों कहा जाता है। इस पर शेषनाग ने उत्तर दिया कि एक ऐसा अवसर आया। जब सभी तीर्थों की श्रेष्ठता की तुलना की जाने लगी। उस समय भारत में समस्त तीर्थों को तुला के एक पलड़े पर रखा गया और प्रयागराज को दूसरे पलड़े पर, फिर भी प्रयागराज का पलड़ा भारी पड़ गया। दूसरी बार सप्तपुरियों को एक पलड़े में रखा गया और प्रयागराज को दूसरे पलड़े पर, वहां भी प्रयागराज वाला पलड़ा भारी रहा। इस प्रकार प्रयागराज की प्रधानता होने से इसे तीर्थों का राजा कहा जाने लगा। इस पावन क्षेत्र में दान, पुण्य, कर्म यज्ञ आदि के साथ-साथ त्रिवेणी संगम का अति महत्व है। रामायण के अनुसार यह संपूर्ण विश्व का एकमात्र स्थान है, जहां पर तीन-तीन नदियां गंगा-यमुना, सरस्वती मिलती हैं। यहीं से अन्य नदियों का अस्तित्व समाप्त होकर आगे एकमात्र नदी गंगा का महत्व शेष रह जाता है। इस भूमि



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



पर स्वयं ब्रह्माजी ने यज्ञ आदि कार्य संपन्न कर ऋषि और देवताओं ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर अपने आपको धन्य माना। मत्स्य पुराण के अनुसार धर्मराज युधिष्ठिर ने एक बार मार्केंडय जी से पूछा-ऋषिवर यह बताएं कि प्रयागराज क्यों जाना चाहिए और वहां संगम स्नान का क्या फल है। इस पर मार्केंडय जी ने उन्हें बताया कि प्रयागराज के प्रतिष्ठानपुर से लेकर वासुकी के हृदयोपरिपर्यंत कंबल और अश्वतर दो भाग हैं और बहुमूलक नाग है। यही प्रजापति का क्षेत्र है जो तीनों लोकों में विख्यात है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यहां पर स्नान करने वाले विभिन्न दिव्यलोक को प्राप्त करते हैं और उनका पुनर्जन्म नहीं होता है। पद्म पुराण कहता है कि यह यज्ञ भूमि है। देवताओं द्वारा सम्मानित इस भूमि में यदि थोड़ा भी दान किया जाता है तो उसका अनंत फल प्राप्त होता है। प्रयागराज की श्रेष्ठता के संबंध में यह भी कहा गया है कि जिस प्रकार ग्रहों में सूर्य और नक्षत्रों में चंद्रमा शेष होता है उसी तरह तीर्थों में प्रयागराज सर्वोत्तम तीर्थ है।

मध्यकाल इतिहास में लिखा है कि हिन्दू लोग प्रयाग को तीर्थराज कहते हैं। यहीं पर गंगा, यमुना और सरस्वती तीनों का संगम है। कुंभ का महत्व न केवल भारत में वरना विश्व के अनेक देशों में है। इस प्रकार कुंभ को वैश्विक संस्कृति का महापर्व कहा जाए तो गलत नहीं होगा, क्योंकि इस दौरान दुनिया के अनेक देशों से लोग आते हैं और हमारी संस्कृति में रचने-बसने की कोशिश करते हैं। इसलिए कुंभ का महत्व और बढ़ जाता है। **(क्रमशः)**

## अपने विचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे युवाओं को देश को अंदर से कमजोर करने के लिए मादक पदार्थ के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है।



**-देवेंद्र फडणवीस**, मुख्यमंत्री

दिल्ली का चुनाव बहुत अहम चुनाव है. मैं समझता हूं शायद केजरीवाल वहां जीत जाएंगे. कांग्रेस भी मैदान में है, कांग्रेस भी चुनाव लड़ेगी. अच्छा होता अगर कांग्रेस और आप का गठबंधन होता लेकिन शायद वो नहीं होता दिख रहा है.



**-पृथ्वीराज चव्हाण**, कांग्रेस नेता

अरविंद केजरीवाल जब चुनाव में उतरते हैं तो उनके अपने पैंतरे और गणित होता है, लेकिन वह यह कैसे कह सकते हैं कि भाजपा और कांग्रेस साथ में चुनाव लड़ रहे हैं। वो जानते हैं कि ये असंभव है।



**-अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम राजस्थान

एक देश, एक चुनाव विधेयक से एक पार्टी, एक चुनाव और एक नेता, एक चुनाव को बढ़ावा मिलेगा। इसलिए हम सभी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सदस्यों ने विधेयक का विरोध किया है।



**-संजय राउत,** शिवसेना नेता

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# कल्याण में ट्रक ने माँ और बेटे को कुचला

## मनसे और नागरिकों का सड़क रोको आंदोलन

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

कल्याण पश्चिम लालचौकी में बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रही एक महिला और उसके बेटे को कुचल दिया। मृतकों की पहचान निशा सोमेसकर (37) और उनके तीन वर्षीय बेटे अंश सोमेसकर के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद दोनों को नगरपालिका के रुक्मिणीबाई अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।



### कैसे हुआ हादसा ?

घटना के अनुसार, बुधवार सुबह निशा सोमेसकर अपने बेटे अंश के साथ लालचौकी में चल रही थीं। जैसे ही वे सड़क पार कर रहे थे, एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। नागरिकों ने ट्रक चालक की लापरवाही पर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया।

### पुलिस कार्रवाई और ट्रक की पहचान

घटना की जानकारी मिलते ही बाजारपेठ पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। ट्रक पर लगे निशान से पता चलता है कि यह कल्याण डोंबिवली नगरपालिका की सेवा में है।

### सड़क पर आंदोलन और मांगें

पूर्व विधायक प्रकाश भोईर ने इस घटना के बाद लालचौकी में मुख्य सड़क पर आंदोलन शुरू किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सड़क एमएमआरडीए के नियंत्रण में है और नगरपालिका इस सड़क पर ध्यान नहीं देती। उन्होंने यह भी कहा कि इस सड़क के डिवाइडर को वाहनों के मोड़ने के लिए मनमाने तरीके से हटाया जाता है और इस पर एमएमआरडीए अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

### मनसे और नागरिकों का विरोध

मनसे के पूर्व विधायक प्रकाश भोईर ने इस घटना को नगरपालिका, सड़क नियंत्रक एमएमआरडीए और यातायात पुलिस की लापरवाही का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि शहर में तेज गति से वाहन दौड़ने के दौरान यातायात पुलिस और आरटीओ अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे ऐसी दुर्घटनाएँ होती हैं। इस पर विरोध स्वरूप, भोईर और नागरिकों ने लालचौकी क्षेत्र में सड़क पर आंदोलन किया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

कल्याण की युवती की दुखद मौत

# आठ दिनों की खोज के बाद परिवार को मिला शव

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

कल्याण के खडेगोलवली क्षेत्र की एक युवती, जो अपने काम के सिलसिले में घर से निकली थी, अचानक लापता हो गई। परिवार ने आठ दिनों तक उसकी खोज की और अंततः ठाणे सिविल अस्पताल में उनका शव मिला। युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट बाजारपेठ पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने मामले में गंभीरता नहीं दिखाई।



### परिवार ने की खुद खोज

31 दिसंबर को युवती अपने घर से काम के लिए निकली थी। जब वह रात तक घर नहीं लौटी, तो परिवार ने पुलिस से मदद मांगी। हालांकि, पुलिस की लापरवाही के कारण परिवार को खुद ही उसकी खोज करनी पड़ी।

### शव मिलने के बाद की जांच

अंतत:, ठाणे सिविल अस्पताल में परिवार को सूचना मिली कि उनकी बेटी का शव वहां है। जांच में यह सामने आया कि युवती एक युवक सुमित विश्वकर्मा के साथ मुलुंड गई थी। लौटते समय दोनों ट्रेन से गिरे। सुमित जीवित है और उसका उपचार चल रहा है, लेकिन युवती के साथ क्या हुआ, यह अब ठाणे जीआरपी की जांच का विषय है।

### सुमित के बयान से संदिग्ध हुआ मामला

सुमित ने बताया, 'वह मेरे साथ थी, लेकिन मैं ट्रेन से गिर गया, इसलिए वह कहाँ गई, यह मुझे नहीं पता।' लेकिन यह सवाल उठता है कि सुमित के जीवित होने के बावजूद युवती कहां चली गई? क्या यह आत्महत्या का प्रयास था, या फिर कुछ और कारण था?

# खास चिप वाले बैग की वजह से पकड़े गए लुटेरे

## 42 लाख के गहनों की हुई थी लूट

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई पुलिस ने लाखों के गहने की एक चोरी के मामले का खुलासा किया है और दो आरोपियों को पकड़ा है। खास बात ये है कि पुलिस ने खास बैग की मदद से लूट की इस घटना का खुलासा किया। दरअसल लुटेरों ने आभूषणों से भरे जिस बैग को लूटा था, उसमें जीपीएस ट्रैकिंग चिप लगी थी। इस जीपीएस ट्रैकिंग चिप और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस आरोपियों को तक पहुंचने में सफल रही।



### क्या है घटना ?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना सोमवार रात की है, जब एक व्यक्ति अपने भतीजे के साथ बैग में करीब 42 लाख रुपये के आभूषण लेकर दोपहिया वाहन पर जा रहा था। जैसे ही दोनों सेंट जॉर्ज अस्पताल के पास डी-मेलो रोड पर पहुंचे तो चार अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका और उनकी बुरी तरह पिटाई कर दी। इसके बाद चारों आरोपी उनका आभूषणों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। पीड़ितों ने शिकायत में बताया कि आरोपियों में से एक ने कथित तौर पर दोनों पर गोलियां चलाईं और सोने के आभूषणों से भरा बैग छीनकर अपने साथियों के साथ भाग गया।

### बैग की वजह से पकड़े गए आरोपी

लुटेरों ने फरार होते समय फायरिंग भी की, जिसमें पीड़ित व्यक्ति का भतीजा घायल हो गया। इसके बाद पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित कीं। पुलिस ने बताया कि जिस बैग को लूटा गया, उसमें खास जीपीएस चिप लगी थी। इस चिप और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस इन लुटेरों तक पहुंची। पुलिस ने एक आरोपी को मंगलवार सुबह लोकमान्य तिलक मार्ग से और दूसरे को डोंगरी इलाके से पकड़ा। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 16 .50 लाख रुपये के आभूषण भी बरामद किए हैं। पुलिस अभी दो अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# आजाद मैदान पर भूख हड़ताल पर बैठे छात्र

## एकनाथ शिंदे के निर्देश के बाद भी पूरी नहीं हुई गुहार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के मुंबई के आज़ाद मैदान में करीब 50 छात्र भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। इन छात्रों ने मांग की है कि साल 2023 में आयोजित अग्निशमन विभाग की परीक्षा में वेटिंग लिस्ट में शामिल छात्रों को प्राथमिकता दी जाए। दरअसल, छात्रों का कहना है कि जिन छात्रों का नाम कन्फर्म लिस्ट में था, अगर वे किसी कारण से नौकरी पर नहीं जाते हैं और बाद में उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाता है, तो वेटिंग लिस्ट में रह गए छात्रों को उन जगहों पर नौकरी मिलनी चाहिए। आपको बता दें कि ये छात्र 29 दिसंबर 2024 से ही आज़ाद मैदान में अपनी मांगों को लेकर सरकार से गुहार लगा रहे हैं। इस मामले में छात्रों ने कई बार बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात की थी, लेकिन उन्हें केवल और केवल आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिला। महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों से आए इन छात्रों में से नितिन बरबुडे ने बताया कि नियमों के मुताबिक वेटिंग लिस्ट के छात्रों को प्राथमिकता दी जाती है।




### पैसे लेकर किया जा रहा भ्रष्टाचार

जनवरी 2023 में परीक्षा आयोजित की गई थी उन्होंने बताया, हालांकि हमें पता भी नहीं था कि हमारा नाम वेटिंग लिस्ट में है। हमने समाचार पत्रों में पढ़ा है कि अग्निशमन विभाग में किसी-न-किसी कारण से कन्फर्म सूची में शामिल छात्रों के स्थान पर वेटिंग लिस्ट के छात्रों को नौकरी देने के बजाय पैसे लेकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जनवरी 2023 में 910 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें करीब 42,534 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। पूरी प्रक्रिया के बाद वेटिंग लिस्ट बनाई गई, जिसमें कुल 277 छात्रों के नाम थे, लेकिन आगे की प्रक्रिया के दौरान किसी कारण से 137 छात्रों को नौकरी नहीं मिली, उनकी जगह खाली रह गई। ऐसे में नियमानुसार वेटिंग लिस्ट के छात्रों को उन जगहों पर नौकरी दी जानी है।

### एकनाथ शिंदे के निर्देश के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई

उन्होंने कहा, जब एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री थे, तब हमने उनसे भी मुलाकात की थी, जिसके बाद उन्होंने संबंधित विभाग को छात्रों के दावों की जांच करने और उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी उनके निर्देश पर कही कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# विरार में 13 स्कूलों, कॉलेजों में 'राइजिंग डे' सप्ताह का आयोजन

## विद्यार्थियों को कानून और आत्मरक्षा के बारे में दी गई जानकारी

**डीबीडी संवाददाता | विरार**

विरार में पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 2 जनवरी से 7 जनवरी तक 'राइजिंग डे' सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान 13 से अधिक स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को कानून, आत्मरक्षा, और सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व पर जागरूक किया गया।

### कार्यक्रम का उद्देश्य



- विद्यार्थियों को कानूनी जागरूकता प्रदान करना।
- आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी देना।
- बुरी आदतों से बचने और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा देना।

### शामिल संस्थान और अधिकारी

यह आयोजन पालघर जिला पुलिस बल और मीरा भायंदर वसई विरार आयुक्तालय बल के संयुक्त प्रयास से किया गया। विरार पुलिस स्टेशन के अंतर्गत भास्कर वामन स्कूल, एनकेजीबी स्कूल, और अन्य 13 संस्थानों ने इसमें भाग लिया। सहायक पुलिस निरीक्षक शोप्निल कदम और पुलिस कांस्टेबल राजेंद्र घुगे ने विद्यार्थियों को राइजिंग डे के महत्व और बुरी आदतों से बचने के उपायों पर मार्गदर्शन दिया। पुलिस उपनिरीक्षक अविनाश हटखिले और सहायक फौजदार तफज्जुल सेख ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और सकारात्मक दृष्टिकोण पर छात्रों को सलाह दी। लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए तैयार रहने और स्वयं की सुरक्षा करने की सलाह दी गई। छात्रों को एक अच्छा नागरिक बनने और अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रेरित किया गया।

### कार्यक्रम का संचालन और मार्गदर्शन

यह आयोजन एसीपी बजरंग देसाई के मार्गदर्शन और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश गायकवाड़ तथा क्राइम पुलिस निरीक्षक प्रतापराव कदम की देखरेख में हुआ। पुलिस और शिक्षण स्टाफ ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। 'राइजिंग डे' सप्ताह का यह आयोजन छात्रों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

# नए सिंथेटिक ट्रैक और 'हॉस्पिटल ऑन व्हील्स' का उद्घाटन

**डीबीडी संवाददाता | भुसावल**

महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने भुसावल मंडल के रेलवे खेल मैदान में नव विकसित सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक सुविधा रेलवे एथलीटों और रेलवे स्कूल के बच्चों के लिए शीर्ष स्तरीय बुनियादी ढाँचा प्रदान करने के लिए तैयार है। यह परियोजना खेल विकास को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### उपस्थित गणमान्य व्यक्ति




सिंथेटिक ट्रैक के उद्घाटन के बाद, राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने 'मशाल' के साथ 'ज्योति' प्रज्वलित की, जिसे रेलवे स्कूल के बाल एथलीटों ने मैदान के चारों ओर सिंथेटिक ट्रैक पर ले जाकर घुमाया, जो रेलवे खेल मैदान में खेल विकास के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। इस अवसर पर, माननीय राज्यपाल ने रेलवे कीमैन की थीम पर एक कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया।

### सम्मान और पुरस्कार वितरण

कार्यक्रम के दौरान, रेलवे परिचालन की संरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए ट्रैक रखरखाव कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र के राज्यपाल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।

### उपस्थित गणमान्य व्यक्ति

इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार के कपड़ा मंत्री संजय सावकारे, मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना, मध्य रेल के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक इति पांडे और वरिष्ठ रेलवे अधिकारी उपस्थित थे। खेल प्रेमियों, रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों द्वारा इस पहल की व्यापक रूप से सराहना की गई। भारतीय रेलवे की समृद्ध खेल परंपरा को मजबूत करना और एथलीटों के प्रदर्शन को बढ़ाना इस ट्रैक का उद्देश्य है। इस ट्रैक से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली तैयारी भी होगी।

# डॉ भाऊ दाजी संग्रहालय समृद्ध इतिहास को समझाने में होगा महत्वपूर्णः फडणवीस

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



वीरमाता जीजाबाई भोसले वनस्पति उद्यान स्थित डॉ भाऊ दाजी लाड संग्रहालय का बुधवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि संग्रहालय संस्कृति और इतिहास के प्रतीक हैं। वे समाज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संरचना के साक्षी हैं। भावी पीढ़ियों को हमारे समृद्ध इतिहास और विरासत को समझाने में संग्रहालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीएमसी द्वारा नवीनीकृत डॉ. भाऊ दाजी लाड संग्रहालय प्रेरणा और जानकारी का स्रोत होने के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मुंबई आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।

### पॉइंटर्स

- संग्रहालय का नवीनीकरण मार्च 2023 में शुरु किया गया था
- 18 महीने के भीतर इसका काम पूरा किया गया
- इन सभी कार्यों पर कुल 2 करोड़ 80 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।
- जीर्णोद्धार के कारण इस इमारत को भव्य और खूबसूरत लुक मिला है।
- मुंबई की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, कला इतिहास को उजागर करने वाले डॉ भाऊ दाजी लाड संग्रहालय मुंबई का सबसे पुराना संग्रहालय है।
- मुंबई में संग्रहालय की अवधारणा का जन्म 1851 में लंदन में आयोजित विश्व प्रदर्शनी के अवसर पर हुआ था।
- संग्रहालय की वर्तमान इमारत की आधारशिला 19 नवंबर 1862 को तत्कालीन गवर्नर सर हेनरी बार्टले फ्रेरे ने रखी थी।
- 1872 से इस भवन में संग्रहालय प्रारम्भ हुआ। संग्रहालय का नाम डॉ रामकृष्ण विठ्ठल उर्फ भाई दाजी लाड के सम्मान में 1 नवंबर, 1975 इसका नाम 'भाऊ दाजी लाड म्यूजियम' रखा गया।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** आज निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। लाभ होगा। भाग्य की अनुकूलता रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोर्ट व कचहरी के काम से छुटकारा मिल सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा।

**वृष:** कारोबार में लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होने के योग हैं। बड़ा लाभ हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। हानि पहुंचाने के प्रयास करेंगे।

**मिथुन:** नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त हो सकता है। निवेश में जल्दबाजी न करें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा।

**कर्क:** आय होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। बेवजह नकारात्मकता रहेगी। आलस्य हावी रहेगा। कोई बड़ी परेशानी आ सकती है। भागदौड़ अधिक होगी।

**सिंह:** कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। वरिष्ठ व्यक्तियों का मार्गदर्शन लाभ में वृद्धि करेगा। निवेशादि मनोनुकूल रहेंगे। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग कर पाएंगे।

**कन्या:** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभदायक रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। आत्मसम्मान बना रहेगा। कोई बड़ा काम तथा बाहर जाने का मन बनेगा।

**तुला:** व्यापारिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**वृश्चिक:** परिवार के साथ जीवन सुखपूर्वक व्यतीत होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्ययवृद्धि होगी। विवाद को बढ़ावा न दें। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पुराना रोग उभर सकता है।

**धनु:** आज आपको पत्नी के भाग्य का साथ मिलेगा। रुका हुआ पैसा मिलने के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मकर:** लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होने के योग हैं, प्रयास करते रहें। आय में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें। आर्थिक उन्नति के लिए नई नीति बनेगी।

**कुंभ:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पार्टनरों से सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत की सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा।

**मीन:** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि हो सकती है। भ्रम की स्थिति बन सकती है। किसी व्यक्ति के व्यवहार से मन को ठेस पहुंच सकती है। जल्दबाजी न करें। विवाद की स्थिति नहीं बनने दें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें।

# जानें ज्योतिष में षोडशवर्ग क्या है?

**भाग 1.2.3.(डी-1-डी-60') भाग-2**

षड्वर्गः राशि (डी-1), होरा (डी-2), द्रेष्काण (डी-3), नवांश (डी-9), द्वादशांश (डी-12) और त्रिंशांश (डी-30) सप्तवर्गः षड्वर्ग और सप्तमांश (डी-7) दशवर्गः सप्तवर्ग . दशमांश (डी-10), षोडशांश (डी-16) और षष्ठ्यांश (डी-60) षोडशवर्गः दशवर्ग, चतुर्थांश (डी-4), विंशांश (डी-20), चतुर्विंशांश (डी-24), सप्तविंशांश (डी-27), खवेदांश (डी-40) और अक्षवेदांश (डी-45)

1. लग्न कुंडली (डी-1) जन्म के समय पूर्व क्षितिज में उदित राशि को लग्न मानकर बनायी गयी कुंडली को लग्न/जन्म कुंडली कहते हैं। जन्म के समय चन्द्र द्वारा गृहीत राशि को लग्न मान कर बनायी गयी कुंडली को राशि कुंडली कहते हैं। वर्गों के लिये लग्न कुंडली ही आधार होती है। फल प्राप्ति के लिये जन्मकुंडली में योग होना आवश्यक है।




वर्ग कुंडली का महत्व या तो उस फल की पुष्टि करना, नकारना या उसके स्वरूप को कम या अधिक करना होता है। निम्न उदाहरण जन्मकुंडली का विश्लेषण षोडश वर्गों को समझने के लये करेंगे पुरुष जातक 12 फरवरी 1965, प्रातः 07:30, आगरा ग्रह राशि अंश लग्न कुंभ 090 05'18'' सूर्य मकर 290 47'46'' चंद्र मिथुन 050 16'53'' मंगल (व) कन्या 030 24'00'' बुध मकर 200 43'06'' गुरु मेष 240 29'36'' शुक्र मकर 150 06'06'' शनि कुंभ 120 29'32'' राहु वृष 270 35'22'' केतु वृश्चिक 270 35'22''



**प्रियंका जैन**
**9769994439**

2. होरा (डी-2) उपयोगः होरा कुंडली का अध्ययन मुख्यतः जातक की आर्थिक समृद्धि को जांचने के लिये किया जाता है। द्वितीय भाव के अन्य कारक तत्वों के लिये भी इसे देखा जा सकता है। आर्थिक समृद्धि से तात्पर्य स्वयं अर्जित किये हुए धन से लेना चाहिये न कि परिवार से प्राप्त किये हुए होरा के स्वामीः सूर्य की होरा का स्वामित्व देवों (स्व प्रयास से ही धन प्राप्ति होगी) का और चन्द्र की होरा का स्वामित्व पितृ/पूर्वजों (मेहनत की अपेक्षा फल अधिक क्योंकि पूर्वजों का आशीर्वाद होता है) का होता है। कुछ मुख्य नियम - होरा कुंडली में पुरुष ग्रहों (सूर्य, गुरु, मंगल) का सूर्य की होरा में होना समृद्धि के लिये शुभ होता है। स्त्री ग्रहों (चन्द्र, शुक्र) और शनि का फल चन्द्र होरा में शुभ होता है। बुध, दोनों होरा में शुभ होते हैं। - सूर्य की होरा में स्थित आत्मकारक (सर्वाधिक भोगांश वाला ग्रह) उन्नति के लिये शुभ माना जाता है। उपरोक्त होरा कुंडली में जातक का आत्मकारक सूर्य, सूर्य की होरा में है, अर्थात समृद्धि के लिये शुभ है। अधिकतर ग्रह, सूर्य/देव होरा में हैं अर्थात, जातक को स्व प्रयास से ही आर्थिक समृद्धि प्राप्त होगी। इसका प्रभाव संबंधित ग्रह दशा/अन्तर्दशा में देखने को मिलता है। जातक आर्थिक रूप से समृद्ध है और स्व-प्रयास से सॉफ्टवेयर और जूते का व्यवसाय स्थापित किया हुआ है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## खबर संक्षेप

### तेजस्वी यादव ने कांग्रेस को दिया जोरदार झटका



**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक के लिए था। उन्होंने यह बयान तब दिया जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच तकरार बढ़ती जा रही है, दोनों दल इंडिया गठबंधन में शामिल है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक के लिए था। ऐसे में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में तकरार होना अस्वाभाविक बात नहीं है। उनके इस बयान से कांग्रेस और राहुल गांधी को बड़ा झटका लगेगा।

### मणिकर्ण घाटी में महिला की हत्या

**कुल्लू।** मणिकर्ण घाटी में बुजुर्ग महिला की हत्या का मामला सामने आया है। वहीं महिला के पति भी हमले में घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती किया। गया है। थाना प्रभारी मणिकर्ण रशोल गांव में घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर घायल के बयान दर्ज किए हैं। घटना मंगलवार बीती रात की है जब महिला और उसका पति रशोल स्थित कोटलू नाला में रेस्तरां में मौजूद थे उस दौरान वहां कोई अज्ञात व्यक्ति आया और उसने महिला और उसके पति पर हमला कर दिया।

### कोहरे की वजह से पिकअप से टकराई कार

**नैनीताल।** नैनीताल के गेठिया क्षेत्र में पिकअप व कार की टक्कर हो गई। दुर्घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। अलबत्ता संयोग से दोनों वाहनों में सवार लोग सवार बाल-बाल बच गए। दुर्घटना का कारण सड़क पर फैला घना कोहरा बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुयालबाड़ी निवासी सुरेंद्र राम अपनी पिकअप संख्या यूके-04सीबी-3449 से भवाली की ओर जा रहा था। गेठिया के समीप सड़क में कोहरे पिकअप भवाली की ओर से ज्योलीकोट को आ रही मटियाल निवासी नीरज शर्मा की कार संख्या डीएल9सीए-1194 से टकरा गई। आमने सामने वाहनों की भिड़ंत में कार आगे से क्षतिग्रस्त हो गई।

संभल शाही जामा मस्जिद-मंदिर विवाद

# 25 फरवरी तक जिला अदालत की सुनवाई पर रोक

**एजेंसी | प्रयागराज**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद से संबंधित चंदौसी की जिला अदालत में चल रही सुनवाई पर रोक लगाते हुए मुस्लिम पक्ष को अस्थायी राहत दी है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई को 25 फरवरी 2025 तक के लिए स्थगित करते हुए सभी पक्षों को अपना लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।



### सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप

हिंसा और विवाद बढ़ने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। 29 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाई और निर्देश दिया कि एडवोकेट कमिश्नर की सर्वे रिपोर्ट को सील बंद लिफाफे में अदालत में प्रस्तुत किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि मस्जिद कमेटी हाईकोर्ट में अपील दायर कर सकती है। 2 जनवरी 2025 को एडवोकेट कमिश्नर ने सर्वे रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में जिला अदालत में जमा की। इसके बाद मस्जिद कमेटी ने 4 जनवरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

### मामले की पृष्ठभूमि

यह विवाद 19 नवंबर 2024 को शुरू हुआ, जब हिंदू पक्ष की ओर से हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन ने चंदौसी की जिला अदालत में एक याचिका दाखिल की। इसमें दावा किया गया कि संभल के सदर इलाके में स्थित शाही जामा मस्जिद, पहले हरिहर मंदिर हुआ करती थी, जिसे बाद में मस्जिद में परिवर्तित कर दिया गया।
जिला अदालत ने उसी दिन मस्जिद की सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया। 19 और 24 नवंबर को सर्वेक्षण की प्रक्रिया हुई, लेकिन इस दौरान संभल में हिंसा भड़क गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की कार्यवाही

8 जनवरी 2025 को जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए जिला अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की दलीलों को सुनने के बाद सभी पक्षों को चार हफ्तों में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मस्जिद कमेटी को इन जवाबों पर दो हफ्तों के भीतर प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए कहा गया। हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी 2025 को तय की है।

### वर्तमान स्थिति

मामले पर हाईकोर्ट द्वारा जिला अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से मुस्लिम पक्ष को अस्थायी राहत मिली है। इसके साथ ही यह मामला धार्मिक और राजनीतिक बहस का मुद्दा बन गया है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की निगरानी में यह मामला अब संवेदनशील स्तर पर है, जहां सभी पक्ष अपने-अपने दावे और जवाब पेश करेंगे।

# गैंगस्टर कर रहा था थाने की नौकरी

**35 साल से नकदू से नंदलाल बनके कर रहा था छलावा, जांच में हुआ खुलासा**

**एजेंसी | आजमगढ़**

गैंगस्टर नकदू से नंदलाल बनकर 35 साल से होमगार्ड की नौकरी करने वाला अखिरकार निलंबित हो गया। जांच में फर्जीवाड़ा की पुष्टि होने पर पुलिस ने रानी की सराय थाने में उसके खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत किया है। उक्त मामले की जांच आरोपी नकदू के भतीजे की शिकायत पर तत्कालीन डीआईजी वैभव कृष्ण ने जांच कराई थी। आरोपी नकदू के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती के कई मामले दर्ज थे।

### 1990 में आरोपी नकदू से बना नंदलाल



आरोपी नकदू ने नौकरी पाने के लिए अपनी पहचान भी बदल दी। 1990 के पहले तक आरोपी की पहचान नकदू यादव पुत्र लोकई यादव के रूप में थी। इसके बाद वह 1990 में आरोपी नकदू से नंदलाल बन गया।

### 1988 में गैंगस्टर बनने के बाद 1989 में बना होमगार्ड

आरोपी नंदलाल यादव पर 1988 में गैंगस्टर की कार्रवाई कर हिस्ट्रीशीटर में शामिल कर लिया गया था। इसके बाद भी आरोपी ने सितंबर 1989 को होमगार्ड विभाग ज्वाइन कर लिया। मजे की बात तो ये है कि हिस्ट्रीशीटर होने के बाद भी तत्कालीन रानी की सराय थाने और लोकल इंटेलिजेंस की टीम के प्रभारियों ने आरोपी होमगार्ड के चरित्र प्रमाण पत्र पर सितंबर 1992 में हस्ताक्षर भी कर दिए हैं।

# यूपी में अब घर-घर बनेंगे कारोबारी

**सरकार बिना ब्याज और गारंटी दे रही 5 लाख का लोन**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन रोजगार को साकार करने के लिए, एमएसएमई विभाग ने नई योजना 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत युवाओं को बिना ब्याज और गारंटी के पांच लाख रुपये तक का लोन चार सालों के लिए दिया जाएगा, ताकि वे कारोबार शुरू कर सकें। योजना में आवेदन से लेकर प्रोजेक्ट के को अमलीजामा पहनाने के लिए हर जिले में इकोनॉमिक एक्सपर्ट्स, सीए और रिटायर बैंक अधिकारियों को तैनात किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ आधिकारिक तौर पर 24 जनवरी को यूपी दिवस के अवसर पर इस योजना की शुरुआत करेंगे। 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' को सफल बनाने के लिए एमएसएमई विभाग ने कमर कस ली है। एडमिनिस्ट्रेटिव स्तर पर व्यवस्था में सुधार से लेकर इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने पर विभाग का पूरा जोर है।

# अब सरकारी ऑफिसों में बिना हेलमेट-सीट बेल्ट वालों की एंट्री बैन

**एजेंसी | लखनऊ**

अगर आप अपनी बाइक से बिना हेलमेट और कार द्वारा बिना सीट बेल्ट लगाए ऑफिस पहुंचे तो आपकी खैर नहीं होगी। ये नियम उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में लागू किए गए हैं। सरकारी दफ्तरों के लिए ये निर्देश बीते दिनों सड़क सुरक्षा और प्रदेश में सही परिवहन व्यवस्था को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई बैठक के बाद जारी किए गए हैं। इसके साथ ही बैठक में ये कहा गया है कि अब किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट लगाकर आने वाले बाइक सवारों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। यानी अब "NO HELMET NO FUEL" पर अमल किया जा रहा है। इसके साथ ही स्कूलों के वाहन को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। सभी स्कूलों को कहा गया है कि वह अपने वाहन चालकों के चरित्र सत्यापन कराएं।



### गुलाब का फूल दिया जाएगा

इसके अलावा एक मजेदार निर्देश भी दिया गया है। अगर कोई बाइक सवार बिना हेलमेट के और कार में बिना सीट बेल्ट लगाए नजर आता है, तो उन्हें चौराहे पर रोककर गुलाब का फूल दिया जाएगा। इसके साथ ही उनसे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए कहा जाएगा। स्कूलों के खुलने और बंद होने के समय स्कूली वाहनों की चेकिंग चेक लिस्ट के मुताबिक ही की जाएगी। अब स्कूली वाहनों का भी चालान किया जाएगा। ये सभी निर्देश सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कराने के लिए दिए गए हैं। लोगों से यातायात के नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया है।

# सांवलिया सेठ का खुला खजाना, पैसों की आई बाढ़



**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में प्रसिद्ध श्री सांवलिया जी मंदिर में दानपात्र से निकली राशि की गिनती का काम बीते मंगलवार को पूरी तरह से संपन्न हो गया। इस प्रक्रिया में अब तक कुल 12 करोड़ 44 लाख 79 हजार रुपयों की गिनती की जा चुकी है। मंगलवार को इस प्रक्रिया में 4 करोड़ 68 लाख 10 हजार रुपयों की गिनती हुई। काउंटिंग की शुरुआत 29 दिसंबर से हुई थी, जब मंदिर के भंडार खोले गए थे। हालांकि, भक्तों की भारी भीड़ के कारण गिनती में रुकावटें भी आईं और प्रक्रिया थोड़ी धीमी हो गई। काउंटिंग की प्रक्रिया मंगलवार सुबह 11 बजे राजभोग आरती के बाद शुरू हुई। इस पहले सोमवार को दूसरे राउंड में 4 करोड़ 76 लाख 69 हजार रुपयों की गिनती की गई थी।
अब तक इस प्रक्रिया के दो राउंड बाकी हैं, जिनमें मनी ऑर्डर, चेक और ऑनलाइन जमा राशि की गिनती की जानी है। इसके साथ ही सोने और चांदी का तोल भी बाकी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले दो दिनों में पूरी काउंटिंग और तोल का काम खत्म हो जाएगा और फाइनल आकड़ा सबके सामने होगा।

## व्यापार जगत

# हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**सेंसेक्स-निफ्टी में नुकसान**

**एजेंसी | मुंबई**

वैश्विक स्तर पर सुधारात्मक रुख की वजह से बुधवार 8 जनवरी 2025 को घरेलू शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ. हालांकि, शुरुआती कारोबार में बढ़त के बाद इसमें जोरदार गिरावट आ गई थी. कारोबार के आखिर में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुधरकर 50.62 अंक या 0.06% की मामूली गिरावट के साथ 78,148.49 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 18.95 अंक या 0.08% फिसलकर 23,688.95 अंक पर पहुंच गया।

### अदाणी पोर्ट्स और अपोलो हॉस्पिटल को सबसे अधिक घाटा



शेयर बाजार के कारोबार के आखिर में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स के 15 शेयर गिरावट और 15 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए. इसमें सबसे अधिक नुकसान अदाणी पोर्ट्स को हुआ. इसका शेयर 1.89% गिरकर 1152.65 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया. हालांकि, बीएसई में टीसीएस का शेयर 1.97% मुनाफे के साथ 4107.50 रुपये पर बंद हुआ. एनएसई में 50 पर आधारित निफ्टी में 28 शेयर लाल निशान और 22 शेयर हरे निशान पर बंद हुए. हालांकि एक शेयर में किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ. इस सूचकांक में अपोलो हॉस्पिटल का शेयर 4.06% टूटकर 7135.05 रुपये और ओएनजीसी का शेयर 3.04% उछलकर 271.50 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

### एशिया के दूसरे बाजारों में मिलाजुला रुख

एशिया के दूसरे बाजारों में जापान के निक्केई 225 और हांगकांग के हैंगसेंग नुकसान के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और चीन के शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुए. यूरोपीय बाजारों में बढ़त और अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे. वैश्विक तेल बाजार में ब्रेंट क्रूड 0.70% की मजबूती के साथ 77.59 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# 56 लाख में बिका 100 रुपए का 'हज नोट'



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपया गिरावट की लगातार रिकॉर्ड बना रहा है। वहीं, भारतीय मुद्रा रुपया के पुराने नोट विदेश में पैसा और सुर्खियां दोनों बटोर रहे हैं। अभी हाल के दिनों में लंदन की एक अनोखी नीलामी के दौरान भारतीय 100 रुपये के एक दुर्लभ 'हज नोट' ने जमकर सुर्खियां बटोरी। इस नोट को 56,49,650 रुपये की भारी-भरकम कीमत में खरीदा गया। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस नोट को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 1950 के दशक में खाड़ी देशों में हज यात्रियों के लिए जारी किया था।

### क्या है हज नोट की खासियत?

**यूनिक प्रीफिक्स:** इस नोट की पहचान इसके अनूठे प्रीफिक्स 'HA' से होती थी। यह इसे दूसरे नोटों से अलग बनाता था।
अलग रंग: हज नोट भारतीय मुद्रा के दूसरे स्टैंडर्ड नोटों से रंग में अलग थे।
**विशेष उपयोग:** यह नोट भारत में वैध नहीं था, लेकिन इसे संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन, कुवैत और ओमान जैसे खाड़ी देशों में इस्तेमाल किया जा सकता था।
**इतिहास:** यह नोट हज यात्रियों को विशेष रूप से सोने की अवैध खरीदारी रोकने के उद्देश्य से जारी किया गया था।
**दुर्लभता:** 1970 के दशक में इन नोटों का प्रचलन समाप्त हो गया, जिससे यह आज दुर्लभ और संग्रहणीय बन गए हैं।

# अदाणी पोर्ट्स को मिली एक और उपलब्धि

**एसएंडपी ग्लोबल की लिस्ट में टॉप-10 में शामिल**

**एजेंसी | मुंबई**

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (APSEZ) ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 2024 के एस एंड पी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (CSA) में APSEZ को वैश्विक परिवहन और परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में टॉप 10 रैंकिंग हासिल हुई है। यह उपलब्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में तीन अंकों का सुधार किया है।

### एस एंड पी ग्लोबल CSA रैंकिंग



एस एंड पी ग्लोबल CSA एक विश्वसनीय और प्रभावशाली वैश्विक रैंकिंग प्रणाली है, जो कंपनियों के पर्यावरणीय, सामाजिक और प्रशासनिक (ESG) पहलुओं का मूल्यांकन करती है। इस रैंकिंग के माध्यम से कंपनियों के सस्टेनेबिलिटी पर किए गए प्रयासों को आंका जाता है, जो वैश्विक स्तर पर निवेशकों, संगठनों और अन्य हितधारकों के लिए मार्गदर्शक साबित होती है।

### अदाणी पोर्ट्स ने हासिल किए 68 अंक

अदाणी पोर्ट्स ने इस साल 100 में से 68 अंक हासिल किए हैं और वह 97वें पर्सेंटाइल में शामिल हैं, जबकि पिछले साल वह 96वें पर्सेंटाइल में था। इस रैंकिंग में सुधार यह दर्शाता है कि कंपनी ने सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में अपनी नीति, प्रक्रिया और उपायों को और बेहतर किया है, जो अब वैश्विक मानकों से भी मेल खाते हैं।

# बीपी को मिला ओएनजीसी के मुंबई हाई के परिचालन का ठेका

**एजेंसी | मुंबई**

बीपी पीएलसी ने सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी के मुंबई हाई तेल और गैस क्षेत्र के संचालन का ठेका जीत लिया है। बीपी ने औसत मासिक उत्पादन स्तर में 60% तक वृद्धि की पेशकश की, जिससे यह बोली जीतने में सफल रहा। बीपी पीएलसी का ठेका जीतने के बाद उसके शेयरों में तेजी आने की उम्मीद जाहिर की जा रही है।



### ओएनजीसी ने जून 2024 में जारी किया था टेंडर

ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने पिछले साल जून में अपने प्रमुख मुंबई हाई क्षेत्र में घटते उत्पादन को रोकने के लिए विदेशी साझेदारों से सहयोग प्राप्त करने के लिए टेंडर जारी की थी। इसमें वृद्धिशील उत्पादन से होने वाली आय में हिस्सेदारी और एक निश्चित शुल्क की पेशकश की गई थी, लेकिन इसमें कोई शेयर हिस्सेदारी नहीं दी गई। ओएनजीसी ने बताया कि बोली मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद बीपी पीएलसी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड को तकनीकी सेवा प्रदाता (टीएसपी) के रूप में चुना गया है।



# वेदांता के चेयरमैन ने लंदन में रिवरसाइड-स्टूडियो खरीदा

**लंदन।** वेदांता ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने लंदन में स्थित आइकॉनिक रिवरसाइड स्टूडियो को खरीद लिया है। कंपनी ने बुधवार (8 जनवरी) को एक प्रेस रिलीज में इस बात की घोषणा की है। रिवरसाइड स्टूडियो लंदन के सेंटर में थेम्स रिवर के उत्तरी तट पर स्थित है। यह स्टूडियो आर्ट्स के लिए एक प्रसिद्ध ग्लोबल सेंटर के रूप में जाना जाता था। अब 100 साल पुराना यह स्टूडियो अनिल अग्रवाल रिवरसाइड स्टूडियो ट्रस्ट के नाम से ऑपरेट होगा।

### कला में सीमाओं को पार करने की शक्ति: अनिल अग्रवाल

अनिल अग्रवाल ने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि कला में सीमाओं को पार करने, लोगों को एकजुट करने और मानवीय अनुभव को उन्नत करने की शक्ति होती है। रिवरसाइड स्टूडियो भारतीय और वैश्विक कला और संस्कृति के प्रदर्शन के लिए एक प्रमुख ग्लोबल डेस्टिनेशन बन जाएगा।'

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुंबई, गुरुवार, 9 जनवरी 2025



### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# बुमराह की बादशाहत बरकरार

**एजेंसी । दुबई**

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपनी बादशाहत बरकरार रखी है। वह करियर की सर्वश्रेष्ठ 908 रेटिंग से गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर कायम है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले 907 अंक से किसी भी भारतीय गेंदबाज की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग रेटिंग का रिकॉर्ड बनाने वाले बुमराह ने एससीजी में पहली पारी में दो विकेट लेने के बाद अपनी रेटिंग में एक अंक का सुधार किया।



## शीर्ष 10 में बुमराह के साथ दूसरे भारतीय

बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा एक पायदान के सुधार से ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के साथ संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह शीर्ष 10 में बुमराह के साथ दूसरे भारतीय हैं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर हैं। चोटिल जोश हेजलवुड दो पायदान के नुकसान से चौथे स्थान पर खिसक गए। पंत बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गए। यशस्वी ने अपना चौथा स्थान कायम रखा। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा (769 रेटिंग) करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से छठे नंबर पर पहुंच गए।

## बुमराह सभी प्रारूपों का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज : क्लार्क

**एजेंसी । मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए भारत के स्टार जसप्रीत बुमराह को सभी प्रारूपों का महानतम तेज गेंदबाज करार दिया। बुमराह ने 32 विकेट लिए जो किसी विदेशी तेज गेंदबाज का ऑस्ट्रेलिया में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। क्लार्क ने कहा, सीरीज खत्म होने के बाद जब मैंने बुमराह के प्रदर्शन के बारे में सोचा तो मुझे लगता है कि वह तीनों प्रारूपों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज है। उन्होंने कहा, मैं कई महान तेज गेंदबाजों को जानता हूं जिनमें कर्टली एम्ब्रोस, ग्लेन मैक्ग्रा शामिल हैं जिन्हें टी-20 क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिला। इसलिए मैं उनके बारे में बात नहीं कर रहा। लेकिन जो तेज गेंदबाज इन सभी प्रारूपों में खेला हो, अगर यह देखा जाये तो वह सर्वश्रेष्ठ होगा। वह किसी भी परिस्थिति में वास्तव में इतना शानदार है इसलिए यही चीज उसे महान बनाती है। कोई भी परिस्थिति हो, कोई भी प्रारूप हो, यह खिलाड़ी शानदार है।




## एडिडास ने नए एफ1 सीज़न के लिए मर्सिडीज़ के साथ मिलाया हाथ

**एजेंसी । बर्लिन**

जर्मन स्पोर्ट्सवियर निर्माता एडिडास ने मंगलवार को मर्सिडीज-एएमजी पेट्रोनास फॉर्मूला वन (एफ1) टीम के साथ बहु-वर्षीय साझेदारी की घोषणा की। इस सहयोग के तहत, मर्सिडीज-एएमजी पेट्रोनास एफ1 टीम 2025 एफआईए फॉर्मूला वन विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेगी, जिसमें मार्च में होने वाली एफ1 चीनी ग्रैंड प्रिक्स भी शामिल है।

### साझेदारी का उद्देश्य

मर्सिडीज–एएमजी पेट्रोनास एफ1 टीम के आधिकारिक टीम पार्टनर के रूप में, एडिडास ड्राइवरों, मैकेनिक्स और इंजीनियरों सहित पूरी टीम के लिए प्रदर्शन और शैली का संयोजन करते हुए एक पूरी श्रृंखला तैयार करेगा। एडिडास के सीईओ ब्योर्न गुल्डेन ने इस अवसर पर कहा, 'हम मोटरस्पोर्ट की दुनिया में वापस आकर बहुत खुश हैं। हम दोनों ही गति, नवाचार और प्रदर्शन के लिए जुनून साझा करते हैं। हम ड्राइवरों और टीम को ट्रैक पर सीमाओं को आगे बढ़ाने में सहायता करेंगे।'

### मुंबई के मैदानों से

## जीपीसीसी-बाबासाहेब अंबेडकर विद्यालय विजेता

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

जीपीसीसी- बाबासाहेब अंबेडकर विद्यालय ने फाइनल में अमेया क्रिकेट अकादमी को 80 रनों से पराजित करके ड्रीम 11 वेंगसरकर क्रिकेट अकादमी अंडर-14 के खिताब पर कब्जा कर लिया। ओवल मैदान, चर्चगेट पर हुए मैच में जीपीसीसी-बाबासाहेब अंबेडकर विद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विपक्षी टीम के समक्ष जीत के लिए 173 रनों का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में अमेया क्रिकेट अकादमी की टीम 24.3 ओवरों में 93 रनों पर सिमट गई। पुरस्कार वितरण के समय भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर और एमसीए के उपाध्यक्ष संजय नाईक उपस्थित थे। इस अवसर वेंगसरकर ने कहा कि ड्रीम 11 कप में खेलना अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर है। इस तरह




के अवसर जीवन में बहुत कम मिलते हैं, क्योंकि आप कई पूर्व क्रिकेटरों और एमसीए अधिकारियों के समक्ष सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट विकेटों में से एक पर खेल रहे होते हैं। मुख्य अतिथि के तौर पर समारोह की अध्यक्षता करने वाले मुंबई क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष संजय नाइक ने कहा कि जमीनी स्तर पर क्रिकेट में दिलीप सर का योगदान अद्वितीय है।

## घुड़दौड़ः ऑयरिश गोल्ड को अवसर

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

गुरुवार को महालक्ष्मी रेसकोर्स पर आयोजित मुंबई घुड़दौड़ सत्र के सातवें दिन की मुख्य दौड़ मद्रास रेस क्लब ट्रॉफी में डल्लास टोडीवाला द्वारा प्रशिक्षित ऑयरिश गोल्ड की स्थिति बेहतर है और उसके जीत के लिए अवसर हैं। कुल छह दौड़ों का आयोजन किया जाएगा। पहली दौड़ दोपहर 2.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- सोरेन्टो सीक्रेट (प्र.) , मिल्ली (द्वि.), 2- ऑयरिश गोल्ड (प्र.) , बेबी बॉजूका (द्वि.), 3- खलिफ (प्र.) , अप्लॉज (द्वि.), 4- कैच (प्र.) , मिडनाऑईट एक्सप्रेस (द्वि.), 5- जेड (प्र.) , एपरोल (द्वि.), 6- प्रेसियोसो (प्र.) , हगिबिस (द्वि.), दिन का सर्वोत्तमः जेड।

## बुमराह से झड़प पर खेद, वक्त बर्बाद करने की कोशिश कर रहा था : सैम

**एजेंसी । सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान जसप्रीत बुमराह से हुई झड़प पर खेद जताया है। उन्होंने बुधवार को स्वीकार किया है कि वह समय बर्बाद करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन आखिर में बुमराह को सफलता मिली। कोंस्टास ने आखिरी दो टेस्ट में अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी लेकिन बुमराह और विराट कोहली से उलझने के कारण भी चर्चा में रहे। ऐसी एक घटना पांचवें टेस्ट के पहले दिन हुई जब कोंस्टास और बुमराह के बीच तीखी बहस हो गई। कोंस्टास ने उस घटना के बारे में लगा, मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबक था। मैं थोड़ा समय बर्बाद करने की कोशिश कर रहा था ताकि वे एक और ओवर नहीं फेंक सके लेकिन बुमराह को आखिर में कामयाबी मिली। वह बेहतरीन गेंदबाज है और



सीरीज में 32 विकेट लिए। अगर ऐसी कोई घटना फिर होती है तो शायद में कुछ नहीं कहूंगा।

कोंस्टास और कोहली के बीच भी सीरीज के दौरान बहस हुई। कोंस्टास ने बाद में कहा कि उस घटना के बाद भी वह अपने बचपन के हीरो कोहली से मिलने गए। उन्होंने कहा, मैंने मैच के बाद उनसे बात की और कहा कि वह मेरे आदर्श हैं। उनके खिलाफ खेलना सम्मान की बात है। जब वह क्रीज पर थे तो मैं सोच रहा था कि वाह, कोहली बल्लेबाजी कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व ही ऐसा है।

### ये था मामला

दिन का खेल जब खत्म होने को था तब बुमराह एक और ओवर फेंकना चाहते थे लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने विरोध किया जो समय खपाने की कोशिश में थे। इस कारण से बुमराह और कोंस्टास के बीच बहस हो गई। दो गेंद बाद बुमराह ने आखिरी गेंद पर ख्वाजा का विकेट लिया। इसके बाद उन्होंने कोंस्टास की ओर बढ़कर उसे घूरकर देखा।

सारे भारतीय समर्थक उनका नाम पुकारते हैं। यह सपने जैसा था। वह काफी विनम्र हैं। बहुत ही प्यारे इंसान और उन्होंने मुझे भविष्य के लिए शुभकामना भी दी। मेरा पूरा परिवार विराट से प्यार करता है। मैं बचपन से उन्हें आदर्श मानता आया हूं और वह लीजेंड हैं। मुझे प्रतिस्पर्धा करना पसंद है और मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

## आईसीसी ने चार पिचों को बेहतरीन करार दिया



### सिडनी की पिच को संतोषजनक रेटिंग

**एजेंसी । सिडनी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की पांच में से चार पिचों को आईसीसी ने बेहतरीन करार दिया है। सिडनी में खेले गए पांचवें और आखिरी टेस्ट की पिच को संतोषजनक रेटिंग मिली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस पांच मैचों की सीरीज को 3-1 से जीतने के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) फाइनल के लिए भी क्वालीफाई किया।

### आईसीसी की पिच रेटिंग

आईसीसी ने पर्थ स्टेडियम, एडिलेड ओवल, गाबा और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिचों को बहुत अच्छी रेटिंग दी। इन पिचों पर बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच अच्छी स्पर्धा देखने को मिली। वहीं, सिडनी की पिच को संतोषजनक रेटिंग मिली, जो आईसीसी के पैमाने पर दूसरी सर्वोच्च रेटिंग है। इस पिच पर गेंदबाजों को मदद मिली और दोनों पारियों में बल्लेबाजों को जूझते देखा गया।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का बयान

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट परिचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि वे हमेशा कोशिश करते हैं कि पिचों को उस मैदान की विशेषताओं के अनुसार तैयार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में पिचें मेजबान टीम के अनुकूल नहीं होतीं, बल्कि बल्ले और गेंद के बीच उचित संतुलन होता है, ताकि मैच में नतीजा निकले।

### सिडनी की पिच पर विशेषज्ञों की राय

सिडनी की पिच पर भारत के पूर्व बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि यह आदर्श पिच नहीं थी। वहीं, भारतीय कोच गौतम गंभीर ने इसे मसालेदार और टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छी पिच बताया।

### मलेशियाई ओपन 2025

## एचएस प्रणय ने जीत के साथ की अपने अभियान की शुरुआत

**एजेंसी । कुआलालंपुर**

भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय ने बुधवार को मलेशियाई ओपन 2025 में शानदार शुरुआत करते हुए कनाडा के ब्रायन यांग को 21-12, 17-21, 21-15 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटे 29 मिनट तक चला। प्रणय की यह जीत उनके अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए एक सकारात्मक शुरुआत थी।

इस दौरान, तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने



दक्षिण कोरिया के को सुंग-ह्यून और ईओम हये-को को लगातार दो गेमों में 21-13, 21-14 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। यह मैच 30 मिनट तक चला और भारतीय जोड़ी ने अपनी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। महिला एकल में मालविका बंसोड़ ने भी धमाकेदार शुरुआत की और मलेशिया की गोह जिन वेई को 2-15, 21-16 से हराया। इस जीत के साथ ही बंसोड़ ने टूर्नामेंट में अपनी जगह मजबूत की। हालांकि, पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन को मंगलवार को चीनी ताइपे के ची यू-जेन के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। सेन को यह मैच 14-21, 7-21 से हारने के बाद निराशा का सामना करना पड़ा।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग

# दुनिया भर के खिलाड़ियों में उत्साह

**एजेंसी । गुरुग्राम**

ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) अब पूरी दुनिया में चर्चित हो चुकी है और अपने प्लेयर ड्राफ्ट और सीज़न की शुरुआत से पहले ही वैश्विक स्तर पर खिलाड़ियों का ध्यान आकर्षित कर रही है। मिस्र, केन्या, अर्जेंटीना, ताइवान और पोलैंड जैसे देशों की भागीदारी के कारण जीआई-पीकेएल में खेलने के इच्छुक खिलाड़ियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है।



### भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

भारतीय खिलाड़ी जैसे सॉविन नरवाल, संदीप कंडोला, अजय कुमार और कपिल नरवाल पहले से ही इस लीग का हिस्सा हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता एम अनिता, इंद्रा रोहिणी, अरुल संथिया और सेल्वरेबिक्शा जैसे खिलाड़ियों के साथ ही सुनील नरवाल, शिव कुमार, विकास दहिया, आंध्र प्रदेश के रेडर वेंकटेश्वर गौड़ जैसे खिलाड़ी भी इस लीग में भाग लेंगे।

### जीआई–पीकेएल का विलय

दिसंबर 2024 में ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग (जीपीकेएल) और इंडियन प्रीमियर कबड्डी लीग (आईपीकेएल) का विलय हुआ था, जिसके बाद जीआई–पीकेएल का निर्माण हुआ। इस लीग में पुरुष और महिलाएं दोनों एक ही मैट पर प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो कबड्डी इतिहास में पहली बार हो रहा है।

### उत्साह पर प्रतिक्रिया

होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कांथी डी. सुरेश ने इस उत्साह पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'जीआई–पीकेएल को लेकर उत्साह कबड्डी की लोकप्रियता और संस्कृतियों को एकजुट करने की शक्ति को प्रदर्शित करता है। वैश्विक और घरेलू खिलाड़ियों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया हमारे दृष्टिकोण को रेखांकित करती है कि कबड्डी के लिए एक समावेशी और गतिशील मंच तैयार किया जाए।'

### टीम संरचना

जीआई–पीकेएल के उद्घाटन सत्र में 6 महिला और 6 पुरुष टीमें शामिल होंगी, और प्रत्येक टीम भारत की संस्कृति और भाषाई विविधता का प्रतीक होगी। टीमों के नामकरण में क्षेत्रीय पहचान का ध्यान रखा गया है। तेलुगु और तमिल टीमों का स्वामित्व टॉलीवुड और क्रिकेट की हस्तियों के पास होने की संभावना है।

हर फ्रेंचाइजी के पास पुरुष और महिला दोनों टीमें होंगी, जो कि कबड्डी में समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने वाली पहली व्यवस्था होगी। यह कदम कबड्डी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।

## 'चिड़िया उड़' में जबरदस्त दिखे जैकी श्रॉफ

अभिनेता जैकी श्रॉफ को इन दिनों फिल्म 'बेबी जॉन' में देखा जा रहा है, जिसमें वह खलनायक बन वरुण धवन के भिड़ते नजर आ रहे हैं। फिल्म में उनके काम को खूब सराहा जा रहा है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी।



अब जैकी वेब सीरीज 'चिड़िया उड़' में नजर आएंगे, जिसका निर्देशन रवि जाधव कर रहे हैं। इसमें सिकंदर खेर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'चिड़िया उड़' की कहानी आबिद सुरती के उपन्यास 'केजः लव एंड वेंजेंस इन ए रेड लाइट' पर आधारित है। ट्रेलर में जैकी का धांसू अवतार दिख रहा है, वहीं सिकंदर सीरीज में जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। 'चिड़िया उड़' में भूमिका मीना, मधुर मित्तल, मीता वशिष्ठ, मयूर मोरे, फ्लोरा सैनी, आभा परमार और उपेन चौहान जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

## 32 साल बाद थिएटर में फिर रिलीज होगी रामायण

भगवान राम और लंकेश के बीच हुए युद्ध पर आधारित एनिमेटेड फिल्म 'रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' तीन दशक बाद भारत में सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। पहले यह फिल्म 18 अक्तूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे टाल दिया गया था। वहीं, अब फरहान अख्तर ने हाल ही में नई रिलीज डेट का एलान किया है। यह इंडो-जापान एनिमेटेड फिल्म 1992 में रिलीज हुई थी, जिसे अब भारत में 33 साल बाद भारत में रिलीज किया जा रहा है। फरहान अख्तर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एनिमेटेड फिल्म का पोस्टर शेयर किया और नई रिलीज डेट का खुलासा किया। अब यह फिल्म 24 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। टेलीविजन पर प्रसारित



होने से पहले यह फिल्म सबसे पहले भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाई गई थी। इसकी पटकथा लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने लिखी है, जिन्होंने बाहुबली, बजरंगी भाईजान और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की कहानी लिखी थी। रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम भारत और जापान के बीच एक संयुक्त परियोजना है। 1992 में रिलीज हुई यह फिल्म भारतीय महाकाव्य रामायण से प्रेरित है।

## 'पुष्पा 2 रीलोडेड' के लिए करना होगा और इंतजार



'पुष्पा 2 द रूल' ने हाल ही में यह घोषणा करके प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया था कि 11 जनवरी से अल्लू अर्जुन की फिल्म में 20 मिनट का और फुटेज जोड़ा जाएगा। हालांकि, निर्माताओं ने अब सिनेमाघरों में 'पुष्पा 2 द रूल रीलोडेड' की फिर से रिलीज के लिए एक नई तारीख साझा की है। फैंस इस खबर को सुनकर निराश हो गए हैं। हालांकि, 'पुष्पा 2' के 20 मिनट के और फुटेज को देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं।

### मेकर्स ने 'पुष्पा 2 द रूल' रीलोडेड की रिलीज में की देरी

हाल ही में, 'पुष्पा 2 द रूल' के निर्माताओं ने एक्स पर 'पुष्पा 2 द रूल' रीलोडेड की रिलीज में देरी की घोषणा की। पोस्ट में लिखा था, 'कंटेंट को प्रोसेस करने में तकनीकी देरी के कारण, 'पुष्पा 2 द रूल' का रीलोडेड वर्जन देरी से रिलीज हो रहा है। यह अब 11 जनवरी की बजाय 17 जनवरी से सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जैसा कि पहले तय किया गया था। सभी को संक्रांति की शुभकामनाएं! सीटी बजाने के लिए फिर से तैयार हो जाएं। जंगल की आग और भी भड़केगी।' इस घोषणा के बाद फैंस ने निराशा जाहिर की है। एक यूजर ने लिखा, 'ऐसा नहीं होना चाहिए था। हम इंतजार कर रहे थे।' दूसरे यूजर ने लिखा, '20 मिनट में क्या होने वाला है। देखने के लिए उत्साहित हूं।' एक और यूजर ने लिखा,' यह सही नहीं हुआ। हमारा इंतजार और लंबा हो गया है। लगता है कि फिल्म और लंबी थी, जिसके 20 मिनट अलग से रिलीज किया जा रहा है।'

## न्यूज़ ब्रीफ

### आठ किलो हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** श्रीनगर पुलिस ने बुधवार को पाकिस्तान से तस्करी कर लाई मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप को पकड़ा। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर आठ किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। श्रीनगर के एसएसपी इम्तियाज हुसैन ने यह जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि बरथाना क्रॉसिंग पर नियमित जांच के दौरान पुलिस ने एक वाहन को रोका जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। वाहन की गहन तलाशी लेने पर चालक की सीट के नीचे छुपाई गई छह किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। इन लोगों की तलाशी के दौरान उनके पास से दो किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ।

### आप के कई नेता ने भाजपा का दामन थामा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में बुधवार को आप के कई नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। इनमें जनकपुरी विधानसभा से महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री अधिवक्ता रीना मेहरा और गीता कॉलोनी वार्ड से 2022 के निगम चुनाव की आप प्रत्याशी रही कंवलजीत कौर सहित जनकपुरी क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने इस मौके पर कहा कि यह आम आदमी पार्टी के युवा कार्यकर्ता हैं जो अरविंद केजरीवाल के झांसे में आकर उनकी पार्टी में शामिल हुए थे। इनमें से अनेक ने नौकरी या व्यपार खो दिया।

### मालदीव के रक्षा मंत्री ने राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय बातचीत की

**नई दिल्ली।** भारत और मालदीव ने व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए मिलकर कार्य करने पर सहमति जताई है। इसके साथ ही भारत ने मालदीव को रक्षा तैयारियों के लिए मदद देने का भी भरोसा दिलाया है। भारत यात्रा पर आए मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून ने बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय बातचीत की।

### 25 साल से जेल में बंद व्यक्ति को रिहा करने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महत्वपूर्ण फैसले में 25 साल से तीन लोगों की हत्या के एक मामले में उत्तराखंड के जेल में बंद व्यक्ति को रिहा करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि तथ्यों से साबित होता है कि जेल में बंद व्यक्ति ओम प्रकाश वर्ष 1994 में अपराध के समय नाबालिग था और उसकी उम्र महज 14 साल थी।

### अन्ना विश्वविद्यालय उत्पीड़न मामला: BJP ने दोहराई CBI जांच की मांग

**चेन्नई।** अन्ना विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न मामले में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घोषणा की कि वे इस मामले में पीड़ित के साथ खड़े हैं। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके साथ ही उन्होंने पीड़िता को न्याय दिलाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने घटना का राजनीतिकरण करने के लिए विपक्ष पर भी कटाक्ष किया। वहीं भाजपा ने एकबार फिर इस मामले के लिए सीबीआई जांच की मांग की।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव

# अलग-थलग पड़ी कांग्रेस

## AAP को INDIA गठबंधन की 2 पार्टियों का मिला समर्थन



एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली में विधानसभा चुनावों से पहले आम आदमी पार्टी को विपक्षी गठबंधन INDIA की 2 अहम पार्टियों का समर्थन मिला है। इससे अरविंद केजरीवाल जहां खुश हो गए हैं, वहीं कांग्रेस की चिंताएं बढ़ गई हैं। तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने दिल्ली चुनावों में आप को समर्थन देने का ऐलान किया है। इसके बाद विपक्षी गठबंधन INDIA में बिखराव की अटकलों को और बल मिल गया है।

### अकेले मैदान में है कांग्रेस

दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बिना किसी गठबंधन के अकेले ही चुनाव में है। लोकसभा चुनाव के दौरान उसने INDIA गठबंधन के बैनर तले चुनाव लड़ा था। पहले अटकलें थीं कि विधानसभा चुनावों में भी AAP-कांग्रेस का गठबंधन हो सकता है, लेकिन केजरीवाल ने ऐसी संभावनाओं को नकार दिया था। अब AAP को SP और TMC का साथ मिलने के बाद कांग्रेस के लिए चुनौतियां और भी बढ़ गई हैं।



### टीएमसी ने AAP के समर्थन पर क्या कहा?

टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि हमें उम्मीद है कि दिल्ली में फिर से AAP की सरकार आएगी। दिल्ली में भाजपा का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। इसके बाद केजरीवाल ने लिखा, 'TMC ने दिल्ली चुनाव में AAP को समर्थन देने की घोषणा की है। मैं व्यक्तिगत रूप से ममता दीदी का आभारी हूं। धन्यवाद दीदी। आपने हमेशा हमारे अच्छे और बुरे समय में हमारा साथ दिया है और आशीर्वाद दिया है।'

### अखिलेश बोले- जो भाजपा को हराए, हम उसके साथ

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कुछ दिन पहले कहा कि जो भाजपा को हराएगा, समाजवादी पार्टी उसका साथ देगी। दिल्ली मे कांग्रेस के पास मजबूत संगठन नहीं है, ऐसे में हमारी पार्टी आप को समर्थन देगी। मैं आप के साथ मंच साझा करूंगा। दिल्ली में भाजपा को आप ही हरा पाएगी। इसके बाद केजरीवाल ने लिखा, 'बहुत बहुत शुक्रिया अखिलेश जी। आपका हमेशा हमें समर्थन और साथ मिलता रहा है। इसके लिए मैं और दिल्ली की जनता आपकी आभारी है।'

### गठबंधन में भी कांग्रेस को मिल रही चुनौतियां

हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद INDIA गठबंधन में भी कांग्रेस के नेतृत्व को चुनौती मिल रही है। अटकलें हैं कि कांग्रेस पर गठबंधन का नेतृत्व ममता को सौंपने का दबाव है। ममता खुद ऐसा करने की इच्छा भी व्यक्त कर चुकी है, जिसका शरद पवार और लालू प्रसाद यादव ने समर्थन भी किया है। ऐसे में सहयोगी पार्टियों का AAP को समर्थन करना INDIA गठबंधन के भीतर कांग्रेस के लिए नई चुनौती है।

# भारत ने शेख हसीना का वीजा बढ़ाया

एजेंसी । नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का वीजा भारत ने बढ़ा दिया है। यह फैसला तब लिया गया, जब ढाका ने उनके प्रत्यर्पण की मांग की है। वीजा अवधि बढ़ाने के कदम में केंद्रीय गृह मंत्रालय शामिल था, जिसे ऐसे मामलों पर हस्ताक्षर करना होता है और यह स्थानीय विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (FRRO) के माध्यम से किया गया है। हसीना का वीजा इसलिए बढ़ाया गया है, ताकि वह देश में रह सकें।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली ढाका की अंतरिम सरकार ने 23 दिसंबर को विदेश मंत्रालय को एक नोट वर्बेल या बिना हस्ताक्षर



वाला राजनयिक नोट भेजा था। इस पत्राचार के माध्यम से ढाका ने भारत से अपदस्थ प्रधानमंत्री को वापस बांग्लादेश भेजने की मांग की थी। इस मामले में जब विदेश मंत्रालय से सवाल पूछा गया था तो उनके प्रवक्ता ने कोई जवाब नहीं दिया था। बताया जा रहा है कि भारत के प्रतिक्रिया देने की संभावना कम है।

भारत के वीजा बढ़ाने के फैसले को इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि कुछ दिन पहले बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (ICT) ने हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता वाले न्यायाधिकरण ने वारंट हसीना समेत 10 अन्य के खिलाफ जबरन गायब करने और न्यायेतर हत्याओं के आरोप में जारी किया। न्यायाधिकरण ने अधिकारियों को 12 फरवरी से पहले हसीना समेत अन्य को गिरफ्तार कर पेश करने को कहा है।

## कर्नाटक लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

- आठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी । बेंगलुरु

लोकायुक्त के अधिकारियों ने बुधवार को परिवहन विभाग के एक संयुक्त आयुक्त सहित आठ




सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापे मारे, जिन पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। जिन स्थानों पर छापेमारी की जा रही है, वे अधिकारियों से जुड़े हुए हैं जिनमें बेंगलुरू की संयुक्त परिवहन आयुक्त शोभा, कदुर के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. एस एन उमेश और बसवकल्याण स्थित लघु सिंचाई विभाग के निरीक्षक रवींद्र शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री ने आंध्रप्रदेश में 2 लाख करोड़ की परियोजनाएं शुरू कीं

- विशाखापट्टनम में किया रोड शो

एजेंसी । विशाखापट्टनम

8 जनवरी को उन्होंने विशाखापट्टनम में सिरीपुरम जंक्शन से आंध्र विश्वविद्यालय मैदान तक रोड शो किया। इस दौरान आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी मौजूद रहे। रोड शो के दौरान लोग प्रधानमंत्री का



अभिवादन करते दिखाई दिए। इसके बाद प्रधानमंत्री ने राज्य में 2 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आंध्र प्रदेश संभावनाओं और अवसरों का राज्य है। आंध्र का विकास हमारा विजन है और लोगों की सेवा करना हमारा संकल्प। आंध्र प्रदेश ने 2047 तक लगभग 2.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। इस विजन को साकार करने के लिए चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने 'स्वर्ण आंध्र-2047' पहल शुरू की है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र की सरकार आंध्र प्रदेश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।'

इन परियोजनाओं का हुआ शुभारंभ प्रधानमंत्री ने विशाखापट्टनम के पास पुडीमडका में बन रहे ग्रीन हाइड्रोजन हब परियोजना की नींव रखी। इसके अलावा विशाखापट्टनम में दक्षिण तटीय रेलवे मुख्यालय, अनकापल्ली जिले के नक्कापल्ली में बल्क ड्रग पार्क, तिरुपति जिले में चेन्नई बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे के तहत कृष्णपत्तनम औद्योगिक क्षेत्र और 300 एकड़ में 25 औद्योगिक निर्माण यूनिट जैसी परियोजनाओं की नींव रखी। साथ ही कई सड़कें, औद्योगिक केंद्र, पोर्ट और रसायन स्टोरेज जैसी परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

## विदेशों से रक्षा खरीद 40 से घटकर 11 फीसदी तक पहुंची

- आने वाले वर्षों में इसमें और कमी आने के आसार
- देश में रक्षा सामग्री का निर्माण बढ़ना प्रमुख कारण

एजेंसी । नई दिल्ली

विदेशों से होने वाली रक्षा खरीद में लगातार कमी आ रही है। रक्षा मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार पिछले दस सालों में विदेशी खरीद 40 फीसदी से घटकर 27 फीसदी रह गई है। आने वाले वर्षों में इसमें और कमी आने के आसार हैं। विदेशी खरीद कम होने की वजह देश में रक्षा सामग्री का निर्माण बढ़ना है, जिसकी वजह से ज्यादातर खरीद स्थानीय स्तर पर ही होने लगी है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 2014-15 के दौरान कुल 65,859 करोड़ रुपये की रक्षा खरीद तीनों सेनाओं के लिए की गई जिसमें से 25,980 करोड़ की खरीद विदेशों से की गई। यह कुल खरीद का तकरीबन 40 फीसदी थी। वहीं, 2023-



24 के आंकड़ों के अनुसार कुल 1,29,123 करोड़ की रक्षा सामग्री खरीदी गई जिसमें 35,746 करोड़ रुपये की खरीद विदेशों अमेरिका, रूस, इजरायल आदि से की गई। खरीद पर खर्च बढ़ने के बावजूद सिर्फ 27 फीसदी राशि ही विदेशों से खरीद पर खर्च की गई। इस प्रकार विदेशी रक्षा खरीद में महत्वपूर्ण 13 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। केंद्र सरकार ने पिछले साल बजट में रक्षा खरीद के कुल बजट के 75 फीसदी भाग को स्वदेशी खरीद के लिए निर्धारित कर दिया है। इसका क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जा रहा है। यही कारण है कि सितंबर 2024 तक 44424 करोड़ की खरीद हुई लेकिन इसमें विदेश खरीद महज 11 फीसदी यानी 4906 करोड़ की है।

### 271 में से छह प्रस्ताव ही विदेशों से खरीद के

मंत्रालय के अनुसार, 2023-24 के दौरान तीनों सेनाओं के लिए कुल 271 खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिनमें छह प्रस्ताव ही विदेशों से खरीद के हैं। विदेशों से अब उन्हीं रक्षा उपकरणों को खरीदा जा रहा है जो उच्चस्तरीय तकनीक के हैं और जो अभी भारत में नहीं बन रहे हैं। जैसे लड़ाकू विमान, नई तकनीक के प्लेटफॉर्म और उच्चस्तरीय राइफलें आदि।

## एक देश एक चुनाव पर जेपीसी की पहली बैठक

- सांसदों को 18 हजार पन्नों की रिपोर्ट मिली
- कांग्रेस ने ड्राफ्ट को संविधान विरोधी बताया



एजेंसी । नई दिल्ली

एक देश-एक चुनाव के लिए संसद में पेश हुए 129वें संविधान संशोधन बिल पर बुधवार को जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) की पहली बैठक हुई।

मीटिंग में शामिल सांसदों को कानून मंत्रालय ने 18 हजार पन्नों की रिपोर्ट दी। मीटिंग के बाद भाजपा सांसद संबित पात्रा, AAP सांसद संजय सिंह सहित कई सांसद यह रिपोर्ट सूटकेस में ले जाते दिखे। बैठक में कानून मंत्रालय के अधिकारियों ने प्रस्तावित कानूनों के प्रावधानों पर प्रेजेंटेशन दी। भाजपा ने बिल का समर्थन करते हुए कहा कि यह देशहित में है। वहीं, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने इसे संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। JPC को बजट सत्र के पहले हफ्ते के आखिरी दिन तक अपनी रिपोर्ट संसद में पेश करनी होगी।

## आचार संहिता का पालन करें राजनीतिक दल : सीईओ

एजेंसी । नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर.एलिस वाज ने बुधवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में आदर्श आचार संहिता के पालन और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

आर.लीस वाज ने राजनीतिक दलों से कहा कि वे ऐसी कोई गतिविधि न करें जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो। उन्होंने




राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि चुनावी अभियानों और अन्य गतिविधियों में नैतिक प्रथाओं का पालन किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव खर्च की निगरानी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल और उनके उम्मीदवार वित्त में पारदर्शिता बनाए रखें और चुनाव खर्च का ब्योरा निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रस्तुत करें। इसके लिए व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और नियंत्रण कक्षों की स्थापना जल्द ही की जाएगी। बैठक में निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों को चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने वाली प्रतिबंधित गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इन गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए निगरानी दल और नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएंगे।

## लेबनान में स्वदेशी वाहनों का उपयोग करेगी भारतीय सेना

एजेंसी । नई दिल्ली

'मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देते हुए, 62 स्वदेश निर्मित वाहन लेबनान पहुंचने वाले हैं। इनका उपयोग लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनिफिल) में तैनात भारतीय सैन्य टुकड़ी द्वारा किया जाएगा। रक्षा सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने



बताया कि बेड़े में उच्च गतिशीलता वाले सैन्य वाहन, उपयोगिता वाहन (एक टन और 2.5 टन), मध्यम और हल्के एम्बुलेंस, ईंधन बोजर और रिकवरी वाहन शामिल हैं। अब तक, लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सेवारत भारतीय सैनिक संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रदान किए गए वाहनों का संचालन कर रहे थे।

# कांग्रेस ने अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता जताई

- आम बजट में आम आदमी को राहत देने की मांग

एजेंसी । नई दिल्ली



कांग्रेस ने देश की अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। पार्टी का कहना है कि चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमानों में कमी की वजह से विकास और निवेश में मंदी की आशंकाओं को दूर करने के लिए ठोस पहल करनी चाहिए। पार्टी ने सरकार से अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम उठाने के साथ बजट में आम आदमी को राहत देने की मांग की है।

### पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने जारी किया बयान

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार के आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में जीडीपी में 6.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। यह चार साल के निचले स्तर पर है। वित्त वर्ष 2024 में जीडीपी में 8.2 प्रतिशत का इजाफा हुआ था। पर मौजूदा आंकड़ा रिजर्व बैंक के हालिया 6.6 प्रतिशत की वृद्धि और सरकार के 7.2 फीसदी से भी कम है। उन्होंने कहा कि इससे केंद्रीय बजट के लिए भी निराशाजनक पृष्ठभूमि तैयार हुई है।

## एक्ट्रेस को परेशान करने वाले बिजनेसमैन को एसआईटी ने हिरासत में लिया

एजेंसी । कोच्चि

केरल में मलयालम एक्टर हनी रोज ने मशहूर व्यापारी बॉबी चेम्मनूर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। विशेष जांच दल (एसआईटी)ने अब उसे हिरासत में ले लिया है। एक्ट्रेस ने बिजनेसमैन बॉबी चेम्मनूर के



खिलाफ अश्लील व्यवहार और ऑनलाइन उत्पीड़न के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। हनी रोज ने एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस स्टेशन में इस 7 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई थी। एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि बिजनेसमैन उन पर आपत्तिजनक कमेंट करता था।

### पुलिस की कार्रवाई पर एक्ट्रेस ने दी प्रतिक्रिया

समाचार एजेंसी पीटीआई ने अनाम अधिकारियों के हवाले से उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। एक अधिकारी ने कहा कि बॉबी चेम्मनूर के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने उन्हें वायनाड से उठाया गया है। रोज ने एक समाचार चैनल को बताया कि आज उनके लिए एक शांतिपूर्ण दिन था और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने उन्हें कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया था जब उन्होंने उनके साथ इस मुद्दे को उठाया था।



## कांग्रेस ने 25 लाख रुपये के मुफ्त इलाज का किया वादा

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस ने दिल्ली में बड़ी चुनावी वादा किया है। पार्टी ने कहा है कि दिल्ली में वह हर परिवार को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराएगी। पार्टी ने इसे 'जीवन रक्षा योजना' का नाम दिया है। राजस्थान में अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री रहते हुए इस तरह की योजना पेश की थी जो बहुत लोकप्रिय रही थी। कोरोना काल में लोगों का बेहतर इलाज कराने के लिए गहलोत सरकार ने 'भीलवाड़ा मॉडल' पेश किया था। अब उसी तर्ज पर कांग्रेस ने दिल्ली में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने का वादा किया गया है। इसे केजरीवाल-आतिशी सरकार के




स्वास्थ्य मॉडल का बेहतर विकल्प बताया जा रहा है। इस योजना में लोगों के अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद घर पर स्वास्थ्य लाभ लेने के दौरान दवाओं का खर्च भी दिया जाता है। कांग्रेस का वादा है कि सत्ता में आने पर वह इसी तरह की सुविधा दिल्ली में भी हर परिवार को उपलब्ध कराएगी।

## घरेलू एयरलाइनों को IMD से साझा करनी होगी मौसम जानकारी

एजेंसी । नई दिल्ली

सरकार घरेलू एयरलाइनों के लिए विमान द्वारा उड़ान भरने और उतरने के दौरान एकत्र किए गए मौसम संबंधी आंकड़ों को आईएमडी के साथ साझा करना अनिवार्य बनाने की योजना बना रही है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इससे पूर्वानुमान क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम. रविचंद्रन ने पीटीआई को बताया कि उनका मंत्रालय इस मामले पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ चर्चा कर रहा है और मौसम संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराना एक वर्ष के भीतर घरेलू एयरलाइनों के लिए अनिवार्य कर दिया जाएगा।